Ranchi ● Thursday, 01 May 2025 ● Year : 03 ● Issue : 106 ● Ranchi Edition ● Page : 12 ● Price : ₹3 ● www.thephotonnews.com
E-Paper : epaper.thephotonnews.com

Daily
THE PHOTON NEWS
सच के हक में...
द फोटोन न्यूज
Published from Ranchi

विश्व श्रमिक दिवस आज

अवकाश की सूचना

विश्व श्रमिक दिवस के अवसर पर **'द फोटोन न्यूज'** कार्यालय में 01 मई को अवकाश रहेगा। अखबार का अगला अंक 03 मई को उपलब्ध होगा। इस दौरान अपने शहर, झारखंड और देश-दुनिया की खबरों से खुद को अपडेट रखने के लिए **www.thephotonnews.com** पर जाएं।

SHARE

सेंसेक्स	:	80,242.24
निफ्टी	:	24,334.20

SARAFA

सोना	:	9,155
चांदी	:	111.00

(नोट : सोना 22 कैरेट प्रति ग्राम)

BRIEF NEWS

ढह गई मंदिर की दीवार दबकर 8 लोगों की मौत

VISAKHAPATNAM : बुधवार को तड़के श्री वराहालक्ष्मी नरसिंह स्वामी मंदिर सिम्हाचलम में चंदनोत्सव के दौरान श्रद्धालुओं के लिए बना उल्लास का माहौल एक भीषण हादसे में बदल गया। भारी बारिश और तेज हवाओं के कारण मंदिर परिसर में हाल ही में बनाई गई एक दीवार ढह गई। इसमें दबकर 8 श्रद्धालुओं की मौत हो गई। मृतकों में 5 पुरुष और 3 महिलाएं शामिल हैं। हादसा तड़के करीब 2:15 बजे हुआ, जब बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए कतार में खड़े थे। हादसा उस समय हुआ, जब श्रद्धालु 300 रुपये की विशेष दर्शन टिकट के लिए बनी कतार में खड़े थे। नई बनी दीवार तेज हवा और बारिश के चलते भरभराकर गिर गई। दीवार के मलबे में कई लोग दब गए। सात लोगों की मौत घटनास्थल पर ही हो गई, जबकि एक ने अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। मंदिर प्रशासन ने तुरंत 300 रुपये टिकट की कतार को दूसरी दिशा में डायवर्ट कर दिया है ताकि दर्शन और अनुष्ठान सुचारु रूप से चलते रहें। मंदिर प्रशासन ने श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अतिरिक्त इंतजाम किए हैं।

होटल में लगी भीषण आग 15 लोगों की गई जान

KOLKATA : मंगलवार की रात में कोलकाता के फालपट्टी मछुआ इलाके में एक होटल में आग लगने से 15 लोगों की जान चली गई और 13 लोग घायल हो गए। बुधवार की सुबह तक आग पर काबू पा लिया गया है। 50 लोगों को बचाया गया। पुलिस के मुताबिक, मरने वालों में 2 महिलाएं और 1 बच्चा शामिल है। 12 पुरुष मृतकों में से 8 की पहचान कर ली गई है। पुलिस कमिश्नर मनोज वर्मा ने बताया कि आग ऋतुराज होटल में रात करीब 8:15 बजे लगी। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड और पुलिस की टीमों ने मौके पर पहुंचकर राहत-बचाव का काम शुरू किया। अब तक 14 शव निकाले जा चुके हैं। हादसे की जांच के लिए स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम (एसआईटी) बनाई गई है। शुरुआती जांच में पता चला है कि होटल की चौथी मंजिल पर लगे बिजली मीटर में शॉर्ट सर्किट होने से आग लगी।

जमशेदपुर की शांभवी ने रचा इतिहास, 10वीं में बनीं नेशनल टॉपर

PHOTON NEWS TEAM : बुधवार को काउंसिल फॉर द इंडियन स्कूल सर्टिफिकेट एग्जामिनेशंस (सीआईएससीई) ने कक्षा 10वीं आईसीएसई और 12वीं आईएससी परीक्षाओं का रिजल्ट जारी कर दिया है। छात्र बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर रिजल्ट चेक कर सकते हैं। आईसीएसई 10वीं में 99.09 पास प्रतिशत रहा जबकि आईएससी में 99.02 पास प्रतिशत रहा। आईसीएसई में लड़कियों ने फिर बाजी मारी। आईसीएसई 10वीं में 99.37 प्रतिशत लड़कियां और 98.84 प्रतिशत लड़के पास हुए। जमशेदपुर की बेटी शांभवी जायसवाल ने आईसीएसई 10वीं बोर्ड परीक्षा में 100 प्रतिशत अंक प्राप्त कर पूरे देश में प्रथम स्थान हासिल किया है। इस अभूतपूर्व उपलब्धि से न केवल जमशेदपुर, बल्कि झारखंड और समूचे देश को गौरव की अनुभूति हुई है।

पेज 04 भी पढ़ें।

10वीं आईसीएसई और 12वीं आईएससी एग्जाम का रिजल्ट जारी

- शांभवी जायसवाल ने 100 प्रतिशत अंक हासिल कर पूरे देश में बढ़ाया झारखंड का मान
- आईसीएसई 10वीं में 99.09 रहा पास प्रतिशत, जबकि आईएससी में 99.02 फीसद
- आईसीएसई 10वीं में 99.37 प्रतिशत लड़कियां और 98.84 फीसद लड़के पास

लोयला स्कूल की छात्रा हैं शांभवी

शांभवी जायसवाल जमशेदपुर के लोयला स्कूल की छात्रा है। शांभवी के पिता, डॉ. अभिषेक जायसवाल, मेहरबाई टाटा मेमोरियल हॉस्पिटल में रेडियोलॉजिस्ट हैं, जबकि उनकी मां, डॉ. ओजस्वी शंकर, टाटा मणिपाल हॉस्पिटल में स्त्री रोग विशेषज्ञ हैं। सांभवी ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, स्कूल के प्राचार्य, उप-प्राचार्य और शिक्षकों को दिया है। भविष्य की योजनाओं के बारे में बात करते हुए सांभवी ने बताया कि वह 12वीं की पढ़ाई विज्ञान संकाय से पूरी कर आईआईटी से इंजीनियरिंग की शिक्षा प्राप्त करना चाहती हैं।

बीते साल इतने हुए थे फेल

पिछले साल 12वीं में 52,765 लड़के और 47,136 लड़कियों ने परीक्षा दी थी, जिसमें से 1,303 लड़के और 510 लड़कियां फेल हो गई थीं। 12वीं में फेल हुए छात्रों की कुल संख्या 1,813 थी। वहीं 10वीं में 1,30,506 लड़के और 1,13,111 लड़कियों ने परीक्षा दी थी,ज्ञ जिसमें से 894 लड़के और 395 लड़कियां फेल हुए थे। 10वीं में फेल हुए कुल छात्रों की संख्या 1,289 थी।

आईएससी परीक्षा में छात्राओं का दबदबा

द काउंसिल फॉर द इंडियन स्कूल सर्टिफिकेट एग्जामिनेशंस (सीआईएससीई) द्वारा आयोजित इस वर्ष की 10वीं (आईसीएसई) और 12वीं (आईएससी) बोर्ड परीक्षा में इस बार भी झारखंड के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। खास बात यह है कि आईसीएसई की परीक्षा में इस बार छात्रों के मुकाबले छात्राओं ने शानदार सफलता हासिल की है। काउंसिल के मुख्य कार्यकारी सह सचिव डॉ. जोसेफ इमैनुएल ने परिणामों की जानकारी देते हुए बताया कि आईसीएसई बोर्ड परीक्षा में इस वर्ष 99.15 प्रतिशत छात्राएं उत्तीर्ण हुई हैं, जबकि छात्रों का उत्तीर्ण प्रतिशत 98.43 रहा। यह आंकड़े स्पष्ट रूप से दशार्ते हैं कि इस बार लड़कियों ने लड़कों को पीछे छोड़ दिया है। पूरे झारखंड से आईसीएसई की परीक्षा में कुल 130 स्कूलों के 16,180 विद्यार्थी शामिल हुए थे। इनमें 8,297 छात्र और 7,883 छात्राएं थीं। इस परीक्षा में 130 छात्र असफल रहे, जबकि केवल 67 छात्राओं को असफलता का सामना करना पड़ा। 12वीं (आईएससी) बोर्ड परीक्षा के परिणामों में भी छात्राओं ने अपना दबदबा कायम रखा है।

सेंट्रल कैबिनेट की बैठक में लिया गया महत्वपूर्ण फैसला

केंद्र सरकार मूल जनगणना के साथ कराएगी कास्ट गणना

AGENCY NEW DELHI : केंद्र की भाजपा नीत एनडीए सरकार जाति जनगणना कराएगी। यह फैसला बुधवार को सेंट्रल कैबिनेट की बैठक में लिया गया। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने प्रेस ब्रीफिंग में बताया कि जाति जनगणना, मूल जनगणना में ही शामिल होगी। जनगणना इस साल सितंबर से शुरू की जा सकती है। इसे पूरा होने में एक साल लगेगा। ऐसे में जनगणना के अंतिम आंकड़े 2026 के अंत या 2027 की शुरूआत में आएंगे। हालांकि जनगणना कब से शुरू होगी, इसके बारे में सरकार ने कुछ नहीं कहा है। 2021 में जनगणना को कोविड-19 महामारी के कारण टाल दिया गया था। जनगणना आमतौर पर हर 10 साल में की जाती है। केंद्रीय मंत्री वैष्णव ने कहा, 1947 से जाति जनगणना नहीं की गई। कांग्रेस की सरकारों ने हमेशा जाति जनगणना का विरोध किया। 2010 में दिवंगत डॉ. मनमोहन सिंह सिंह ने कहा था कि जाति जनगणना के मामले पर कैबिनेट में विचार किया जाना चाहिए। इस विषय पर विचार करने के लिए मंत्रियों का एक समूह बनाया गया था। अधिकांश राजनीतिक दलों ने जाति जनगणना की सिफारिश की। इसके बावजूद कांग्रेस सरकार ने जाति का सर्वेक्षण या जाति जनगणना कराने का फैसला किया।

इसी साल सितंबर से शुरू की जा सकती है जनगणना, पूरा होने में लगेगा एक साल

- 2026 के अंत या 2027 की शुरुआत में आएंगे जनगणना के अंतिम आंकड़े
- कोविड-19 महामारी के कारण टाल दी गई थी 2021 में जनगणना

जातियों की गिनती के लिए एक्ट में करना होगा संशोधन

जनगणना एक्ट 1948 में एससी- एसटी की गणना का प्रावधान है। ओबीसी की गणना के लिए इसमें संशोधन करना होगा। इससे ओबीसी की 2,650 जातियों के आंकड़े सामने आएंगे। 2011 की जनगणना के अनुसार, मार्च 2023 तक 1,270 एससी, 748 एसटी जातियां हैं। 2011 में एससी आबादी 16.6 प्रतिशत और एसटी 8.6 प्रतिशत थी। मनमोहन सिंह सरकार के दौरान 2011 में सामाजिक-आर्थिक और जातिगत जनगणना करवाई गई थी। इसे ग्रामीण विकास मंत्रालय, शहरी विकास मंत्रालय और गृह मंत्रालय ने करवाया था। हालांकि इस सर्वेक्षण के आंकड़े कभी भी सार्वजनिक नहीं किए गए। ग्रामीण विकास मंत्रालय की वेबसाइट पर इसके एससी-एसटी हाउसहोल्ड के आंकड़े ही जारी किए गए हैं। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने अगस्त 2024 में कहा था कि जनगणना उचित समय पर होगी, और यह 2025 में शुरू हो सकती है, जिसमें डेटा 2026 तक प्रकाशित हो सकता है।

प्रधानमंत्री आवास पर हुई सुरक्षा मामलों की कैबिनेट कमेटी की मीटिंग

केंद्र ने पूर्व रॉ चीफ को राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार बोर्ड का बनाया चेयरमैन

SRINAGAR : बुधवार को पहलगाम हमले के 8 दिन बाद पाकिस्तानी सेना ने इंटरनेशनल बॉर्डर पर कई चौकियां खाली कर दी हैं। पाकिस्तानी सेना ने इन चौकियों से झंडे भी हटा लिए हैं। कठुआ के पर्गवाल इलाके में ये पोस्ट खाली की गई हैं। पाकिस्तानी सेना एलओसी पर लगातार सीजफायर उल्लंघन कर रही है। पाकिस्तानी सेना ने बुधवार को पहली बार सेना ने इंटरनेशनल बॉर्डर पर भी सीजफायर तोड़ा। इसका भारतीय सेना ने तुरंत जवाब दिया। इस बीच, केंद्र सरकार ने राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार बोर्ड का नए सिरे से गठन किया है। पूर्व रॉ चीफ आलोक जोशी को इसका चेयरमैन बनाया गया है। प्रधानमंत्री आवास पर सुरक्षा मामलों की कैबिनेट कमेटी (सीसीएस) बैठक खत्म हो गई, जिसमें यह फैसला लिया गया।

पाकिस्तान ने इंटरनेशनल बॉर्डर पर खाली की चौकियां, हटाए पाकिस्तानी झंडे

- एलओसी पर लगातार सीजफायर उल्लंघन कर रही है पाकिस्तानी सेना
- पहली बार सेना ने इंटरनेशनल बॉर्डर पर भी थोड़ा सीजफायर

बायसरन घाटी में मिले 40 कारतूस

पहलगाम अटैक की जांच कर रही एनआईए को बायसरन घाटी से 40 कारतूस मिले हैं। एनआईए के साथ फोरेंसिक टीम के 2 मेंबर्स भी जांच कर रहे हैं। ये मेंबर्स लोकल पुलिस और सीआरपीएफ की मदद से घने जंगलों में भी एविडेंस इकट्ठा कर रहे हैं।

जातिगत जनगणना पर पार्टियों का स्टैंड

विपक्षी पार्टियां : कांग्रेस समेत बीजद, एसपी, राजद, बसपा, एनसीपी शरद पवार देश में जातिगत जनगणना की मांग कर रही हैं। टीएमसी का रुख अभी साफ नहीं है। राहुल गांधी हाल में ही अमेरिका दौरे पर गए थे, वहां उन्होंने जातिगत जनगणना को सही बताया था।

एनडीए : पहले भाजपा जाति जनगणना के पक्ष में नहीं थी। भाजपा ने कांग्रेस समेत दूसरी विपक्षी पार्टियों पर आरोप लगाए थे कि ये जातिगत जनगणना के जरिए देश को बांटने की कोशिश कर रही हैं। हालांकि, बिहार में भाजपा ने ही जातिगत जनगणना का सपोर्ट किया था। बिहार ने अक्टूबर 2023 में जातिगत जनगणना के आंकड़े जारी किए थे। ऐसा करने वाला देश का पहला राज्य बना था।

वक्फ कानून के खिलाफ अंधेरे में डूब गए सारे घर

राजधानी रांची में बुधवार को मुस्लिम समुदाय के लोगों ने नए वक्फ कानून के विरोध में अपने मकानो में लाइट-बत्ती बंद कर दी। यह कार्यक्रम रात 9 से 9:15 बजे तक 15 मिनट के लिए चलाया गया। इस अवधि में राजधानी की मुस्लिम बस्तियों में अंधेरा छा गया। किसी के घर में भी रोशनी नहीं देखी गई। मुस्लिम समुदाय ने इस प्रकार अनोखे अंदाज में केंद्र सरकार द्वारा लाए गए नए वक्फ कानून का विरोध किया। इसे बत्ती गुल अभियान का नाम दिया गया।

झटका : झारखंड में महंगी हो गई बिजली आज से होगी लागू

PHOTON NEWS RANCHI : बुधवार को झारखंड में बिजली महंगी होने की घोषणा कर दी गई। पहले मई से बिजली की नई दर लागू हो जाएगी। झारखंड विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के लिए वित्तीय वर्ष 2025-26 की बिजली की नई टैरिफ के लिए आदेश जारी कर दिया गया है। झारखंड राज्य विद्युत नियामक आयोग यह आदेश जारी किया गया। नई बिजली टैरिफ की जानकारी देते हुए झारखंड राज्य विद्युत नियामक आयोग की ओर से से बताया गया है कि शहरी उपभोक्ताओं के लिए बिजली टैरिफ 20 पैसे प्रति यूनिट बढ़ गई है। ग्रामीण उपभोक्ता की दर में 40 पैसे प्रति यूनिट की वृद्धि की गई है। ग्रामीणों को जहां प्रति यूनिट 6.70 रुपये देंगे, वहीं शहरी उपभोक्ताओं को 6.85 रुपये देने होंगे। कृषि उपभोक्ताओं के लिए नई टैरिफ में कोई वृद्धि नहीं की गई है। इससे किसानों को बड़ी राहत मिली है। किसी भी उपभोक्ता से मीटर रेंट नहीं लिया जाएगा।

- ग्रामीण उपभोक्ताओं को 6.70 रुपये व शहरी को प्रति यूनिट देने होंगे 6.85 रुपये
- शहरी उपभोक्ताओं के लिए बिजली टैरिफ में 20 पैसे प्रति यूनिट का इजाफा
- ग्रामीण उपभोक्ताओं को अब हर यूनिट पर 40 पैसे देने होंगे ज्यादा
- कृषि उपभोक्ताओं के लिए नई टैरिफ में कोई नहीं की गई है कोई वृद्धि

नई बिजली टैरिफ की खास बातें

झारखंड राज्य विद्युत नियामक आयोग ने जेबीवीएनएल के वित्तीय वर्ष (एफवाई) 2023-24 के टरू-अप, एफवाई 2024-25 के एपीआर और एफवाई 2025-26 के प्रस्तावों को स्वीकृति दी है। एफवाई 2023-24 के लिए जेबीवीएनएल ने 10,847.70 करोड़ रुपये की स्वीकृति मांगी थी, जबकि आयोग ने 7,854.64 करोड़ रुपये को मंजूरी दी है। एफवाई 2024-25 के लिए 10,405.84 करोड़ रुपये और एफवाई 2025-26 के लिए 11,444.90 करोड़ रुपये की मांग के मुकाबले आयोग ने क्रमश: 7,981.30 करोड़ रुपये और 8,980.52 करोड़ रुपये की मंजूरी दी है। प्रस्तावित वितरण हानि 31.26 प्रतिशत (एफवाई 2023-24), 19 प्रतिशत (एफवाई 2024-25 और एफवाई 2025-26) के मुकाबले आयोग ने तीनों वर्षों के लिए 13 प्रतिशत वितरण हानि मान्य की है।

चिंताजनक मस्तिष्क के संतुलित विकास के रास्ते में पॉल्यूशन बड़ी बाधा

लगातार बढ़ते वायु प्रदूषण की मार से मुरझा रहा बचपन

PHOTON NEWS @ RESEARCH DESK : मां के गर्भ में पल रहे बच्चे के शारीरिक विकास के साथ-साथ उसके दिमागी विकास का भी संतुलन जीवन के लिए अत्यंत आवश्यक है। जन्म के बाद बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास में कई कारक महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। हाल के अध्ययन में यह महत्वपूर्ण जानकारी सामने आई है कि जिस बच्चे का बचपन जितना अधिक वायु प्रदूषण के माहौल में गुजरता है, उसका मानसिक विकास उतना ही अधिक प्रभावित होता है। शोधकताओं का कहना है कि बचपन में मस्तिष्क का विकास न केवल शारीरिक रूप से बल्कि मानसिक व संज्ञानात्मक (काग्निटिव) दृष्टिकोण से भी बेहद महत्वपूर्ण होता है। यह वह समय होता है, जब बच्चे सोचने, समझने, महसूस करने और प्रतिक्रिया देने की मूलभूत क्षमताएं विकसित करते हैं। एनवायरनमेंट इंटरनेशनल में प्रकाशित बार्सिलोना इंस्टीट्यूट फॉर ग्लोबल हेल्थ के नेतृत्व में किए गए इस अध्ययन में पाया गया कि यदि बच्चे जन्म से लेकर 12 वर्ष की आयु तक वायु प्रदूषण के उच्च स्तर के संपर्क में आते हैं तो उनके मस्तिष्क के भीतर स्थित महत्वपूर्ण हिस्सों के बीच संचार संयोजकता यानी फंक्शनल कनेक्टिविटी प्रभावित हो सकती है।

बार्सिलोना इंस्टीट्यूट फॉर ग्लोबल हेल्थ के वैज्ञानिकों ने किया है विशेष अध्ययन

मानसिक व संज्ञानात्मक दृष्टिकोण से भी बेहद महत्वपूर्ण होता है मानसिक विकास

- एनवायरनमेंट इंटरनेशनल पत्रिका में प्रकाशित की गई है विस्तृत रिपोर्ट
- असंतुलित दिमागी विकास याददाश्त व निर्णय लेने पर भी डालता है असर
- बचपन में बच्चे सोचने, समझने व प्रतिक्रिया देने की मूलभूत क्षमताएं करते हैं विकसित

नाइट्रोजन डाइऑक्साइड और नाइट्रोजन ऑक्साइड्स दिमागी विकास के लिए सर्वाधिक खतरनाक

आत्मचिंतन और चेतना के स्तर पर असर

नए अध्ययन में यह भी देखा गया कि जिन बच्चों ने ब्रेन स्कैन से एक साल पहले पीएम10 के उच्च स्तर का सामना किया, उनमें सैलेन्स नेटवर्क और मेडियल-पैराइटल नेटवर्क्स के बीच भी जुड़ाव कमजोर हो गया। ये नेटवर्क न केवल आसपास के वातावरण को समझने में बल्कि आत्मचिंतन और चेतना के स्तर को बनाए रखने में मदद करते हैं।

तीन वर्षों तक पड़ता है गहरा प्रभाव

शोधकताओं के अनुसार, प्रदूषण से मस्तिष्क के अमिग्डाला जो भावनाओं को समझने में मदद करता है, हिप्पोकैम्पस जो याददाश्त और सीखने से जुड़ा होता है और कॉडेट न्यूक्लियस जो मोटर फंक्शन और निर्णय लेने में सहायता करता है, जैसे हिस्सों के आपसी संबंध कमजोर हो जाते हैं। जिन बच्चों को जन्म के बाद पहले तीन वर्षों तक वायु प्रदूषण का सामना करना पड़ा, उनके दिमाग के अंदर भावनात्मक और संज्ञानात्मक नियंत्रण से जुड़े हिस्सों के बीच की कड़ी सबसे ज्यादा प्रभावित हुई। यह शोध नीदरलैंड के बच्चों पर किया गया है। वहां वायु प्रदूषण भारत की तुलना में बेहद कम है। इसके बावजूद यदि वहां बच्चों के मस्तिष्क पर इतना गहरा प्रभाव देखा गया है तो भारत जैसे देश, जहां वायु गुणवत्ता बेहद चिंताजनक है, वहां बच्चों पर इसका प्रभाव और भी अधिक गंभीर हो सकता है।

आज से दो दिनों तक तीन राज्यों का दौरा करेंगे पीएम

NEW DELHI : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 1 और 2 मई को महाराष्ट्र, केरल और आंध्र प्रदेश का दौरा करेंगे। वे 1 मई को मुंबई के जियो वर्ल्ड सेंटर में विश्व ऑडियो विजुअल और एंटरटेनमेंट समिट (वेव्स) का उद्घाटन करेंगे। यह सम्मेलन भारत के मीडिया, मनोरंजन और डिजिटल नवाचार के क्षेत्र में वैश्विक केंद्र के रूप में स्थापित करने के उद्देश्य से किया जा रहा है। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) के अनुसार, इस चार दिवसीय सम्मेलन का टैगलाइन निर्माताओं को जोड़ना, देशों को जोड़ना है। इसमें 90 से ज्यादा देशों के लोग हिस्सा लेंगे। इसमें 10 हजार से ज्यादा प्रतिनिधि, 1 हजार क्रिएटर, 300 से ज्यादा कंपनियां और 350 से ज्यादा स्टार्टअप शामिल होंगे। वेव्स का लक्ष्य 2029 तक 50 बिलियन डॉलर का बाजार खोलना है, जिससे वैश्विक मनोरंजन अर्थव्यवस्था में भारत की उपस्थिति का विस्तार होगा। प्रधानमंत्री यहां क्रिएटोस्फियर का दौरा करेंगे और करीब एक साल पहले शुरू की गई 32 क्रिएट इन इंडिया चुनौतियों में से चुने गए क्रिएटर्स से बातचीत करेंगे।

BRIEF NEWS

सम्मानित किए गए सहिया व सीएचओ

HAZARIBAG : उपायुक्त नैन्सी सहाय के निदेर्शानुसार जिला स्वास्थ्य समिति के तत्वधान में बुधवार को स्थानीय नगर भवन में जिला स्तरीय सहिया सम्मेलन-सह आदर्श दंपती सम्मेलन एवं सीएचओ सम्मान समारोह-2025 का आयोजन किया गया। समारोह में उत्कृष्ट कार्य करनेवाली सहिया और सीएचओ के अलावा आदर्श दंपती को सम्मानित किया गया। उन्हें प्रमाण पत्र, शील्ड और पुरस्कार प्रदान कर प्रोत्साहित किया गया। इस अवसर पर डॉ. शशि जायसवाल ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को प्रभावी बनाने में सहियाओं और सीएचओ की अहम भूमिका होती है। जिला यक्ष्मा पदाधिकारी आरके जायसवाल ने कहा कि जिले को टी.बी. मुक्त बनाने मे अपनी अग्रणी भूमिका निभाकर सहिया और सीएचओ अपना योगदान दे सकते हैं। समारोह में सीएचओ और सहिया को प्रभावी तरीके से स्वास्थ्य विभाग की योजनाओं के प्रति लोगों को जागरूक करने, किशोरियों, गर्भवती महिलाओं, धात्री महिलाओं को स्वास्थ्य लाभ पहुंचाने के लिए प्रेरित किया गया।

ट्रैक्टर से दबकर चालक की हो गई मौत

DUMKA : जिला के रानेश्वर प्रखंड के धानभाषा पंचायत के सुदूर इलाका तालडीह गांव में बुधवार को एक ट्रैक्टर असंतुलित होकर पेड़ से टकरा गया। इस दौरान चालक ट्रैक्टर के चक्के के नीचे आ गया । इससे मौके पर ही उसकी मौत हो गयी। मिली जानकारी के अनुसार जंगल के बीच कच्ची मिट्टी के रास्ते बने हुए है। रास्ते के दोनों तरफ घना पेड़ लगा हुआ है। पथ काफी सकरा है और उबड़ खाबड़ है। इसी रास्ते से चालक ट्रैक्टर चला कर तालडीह गांव जा रहा था। चालक का संतुलन बिगड़ गया और ट्रैक्टर पेड़ से टकरा गया। इससे चालक जमीन पर गिर गया और चालक ट्रैक्टर के चक्के के नीचे आ गया। इससे उसकी मौके पर ही मौत हो गयी। चालक (मृतक) का नाम रामसिंह मुर्मू (28) बताया गया है। वह प्रखंड के रंगालिया पंचायत के कुचियाडाली गांव का रहने वाला था। ट्रैक्टर मालिक घटनास्थल से ट्रैक्टर को लेकर फरार हो गया है। ट्रैक्टर में क्या समान लदा हुआ था इसकी पुष्टि नही हो पाई है। मौके पर रानेश्वर थाना प्रभारी बलराम कुमार सिंह पुलिस बल के साथ घटनास्थल पहुचकर शव को कब्जे में लिया है। समाचार लिखे जाने तक थाना प्रभारी ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए दुमका भेजा गया है। ट्रैक्टर की तलाश जारी है।

जमशेदपुर पूर्वी की योजनाओं का हुआ शिलान्यास

JAMSHEDPUR : जमशेदपुर पूर्वी विधानसभा क्षेत्र में विधायक पूर्णिमा साहू ने बुधवार को सीतारामडेरा एवं साकची पूर्वी मंडल क्षेत्र में विधायक निधि से स्वीकृत पांच विकास योजनाओं का शिलान्यास किया। इसमें सीतारामडेरा मंडल अंतर्गत बाबूडीह स्थित आदिवासी कब्रिस्तान में 21,78,200.00 की लागत से शौचालय, गार्ड रूम व पाथ-वे का निर्माण तथा साकची पूर्वी मंडल अंतर्गत नेहरू कॉलोनी में 15,14,300.00 की लागत से आरसीसी नाली, पीसीसी पथ और पेवर्स ब्लॉक का अधिष्ठापन होगा।

टाटानगर से होकर चलने वाली 16 ट्रेनें रद्द

JAMSHEDPUR : खड़गपुर रेल मंडल में विकास कार्यों के कारण टाटानगर से होकर चलने वाली डेढ़ दर्जन ट्रेनें मई में रद्द रहेंगी। रेलवे के सर्कुलर के मुताबिक 2 से 18 मई तक लंबी दूरी की 16 ट्रेनें रद्द होने से हजारों यात्रियों को परेशानी का सामना करना होगा। इन ट्रेनों में सांतरागाछी- बादामपहाड़ एक्सप्रेस, शालीमार-उदयपुर एक्सप्रेस, बादामपहाड़ -राउरकेला-बादामपहाड़ एक्सप्रेस, पोरबंदर-सांतरागाछी एक्सप्रेस, हावड़ा-जगदलपुर एक्सप्रेस, कांटाबाजी-हावड़ा इस्पात एक्सप्रेस और हावड़ा -अहमदाबाद एक्सप्रेस को अलग अलग दिनों में रद्द किया गया है।

बेरमो में युवक की टांगी से कर दी गई हत्या, 8 घंटे से ज्यादा मेन रोड रहा जाम

दोस्तों के साथ कार से निकला था विपुल, हमले का कारण स्पष्ट नहीं

PHOTON NEWS BERMO : बोकारो जिला के पेटरवार थाना क्षेत्र अंतर्गत पिछरी स्थित डहरडीह के पुल के समीप मंगलवार देर रात गुलचंद मिश्रा उर्फ गल्लू मिश्रा के 25 वर्षीय पुत्र विपुल कुमार मिश्रा की टांगी (कुल्हाड़ी) से वार कर हत्या कर दी गई। घटना की जानकारी लोगों को आधी रात के बाद लगी। घटना के बाद आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर परिजनों ने बुधवार सुबह 7 बजे से फुसरो-जैनामोड़ मुख्य मार्ग को जाम कर दिया, जो दोपहर बाद तक जारी रहा। इससे इस मार्ग का आवागमन दिन भर बाधित रहा। इसकी वजह से 15 किलोमीटर से भी लंबा जाम लग गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने

सड़क जाम करते परिजन व अन्य, इनसेट में मृतक की फाइल फोटो • फोटोन न्यूज

खोजी कुत्ते के सहयोग से सुराग तलाशने का प्रयास किया, लेकिन सफलता नहीं मिली। स्थानीय लोगों ने बताया कि विपुल अपने दोस्त के साथ कार में सवार होकर मंगलवार रात को जा रहा था। इसके बाद रात में ही चीख की आवाज सुनकर लोग पहुंचे, तो वह बेसुध गिरा पड़ा था। पास में ही एक कुल्हाड़ी पड़ी थी। उसके सिर पर कुल्हाड़ी से कई वार किए गए थे। सूचना पर पेटरवार थाना प्रभारी राजू मुंडा दल-बल के साथ पहुंचे। हत्या को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश है। संदेह के आधार पर पुलिस एक स्थानीय युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

कार के धक्के से बाइक सवार दो लोगों की हो गई मौत

GUMLA : जिले के सिसई थाना क्षेत्र के छारदा रोड में मंगलवार की देर रात कार के धक्के से दो लोगों की मौत हो गई। इस टक्कर में बाइक सवार करंज थाना क्षेत्र के अंबेरा गांव निवासी 37 वर्षीय जीतवाहन उरांव और महतो उरांव की जान चली गई। जानकारी के अनुसार, दोनों एक बाइक पर सवार होकर सिसई के छारदा रोड स्थित दुकान से केक खरीदने गए थे। केक खरीदने के बाद सड़क के किनारे खड़ी बाइक पर बैठे और जैसे ही घर की ओर मुड़े, तभी पीछे से कार ने दोनों को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर होते ही जीतवाहन उरांव की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। वहीं, बाइक के पीछे बैठा महतो उरांव गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से उसे रेफरल अस्पताल लाया गया, जहां डाक्टर ने जांच कर महतो उरांव की गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे रिम्स रेफर कर दिया। रिम्स में इलाज के दौरान बुधवार को सुबह 10 बजे महतो उरांव की भी मौत हो गई। वह दूसरे प्रदेशों में जाकर मजदूरी का काम करता था। फिलहाल वह घर पर ही रह रहा था। वहीं घटना की जानकारी पर सिसई थाना की पुलिस दोनों वाहन को जब्त कर लिया है। कार चालक पिलखी मोड़ का निवासी है। लोगों ने बताया कि चालक शराब के नशे में था। उसके वाहन से शराब की बोतल भी बरामद की गई है। जीतवाहन उरांव होमगार्ड का जवान था और फिलहाल गुमला के पावर हाउस में ड्यूटी पर तैनात था। दो दिन की छुट्टी में वह अपने घर गया था। बुधवार को शव का पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंप दिया गया।

शादी में जाने नहीं दिया गया तो नाबालिग ने कर ली खुदकुशी

AGENCY PALAMU : पलामू जिले के छतरपुर नगर पंचायत क्षेत्र के रामगढ़ में योगेंद्र भुइयां की 16 वर्षीय नाबालिग पुत्री चांदनी कुमारी ने मंगलवार रात फंदे से लटक कर खुदकुशी कर ली। चांदनी हरिहरगंज प्रखंड के सरसोत में बड़ी बहन के साथ एक रिश्तेदार के घर शादी समारोह में जाना चाहती थी, लेकिन परिजनों ने उसे जाने से मना कर दिया था, जिससे वह गुस्से में थी। घर के सभी सदस्य खाना खाने के बाद चांदनी को नहीं देखे तो खोजते हुए घर के अंदर गए तो एक कमरे का दरवाजा बंद पाया।

दरवाजा खोलने के लिए चांदनी को बहुत आवाज लगाई पर वह दरवाजा नहीं खोली। गांववालों की मदद से बंद कमरे की दिवार तोड़ी गई। अन्दर चांदनी साड़ी से फंदा



लगाकर झूल रही थी। उसकी मौत हो गई थी। इसकी सूचना पुलिस को दी गई। छतरपुर थाना के सब इंस्पेक्टर अशोक टोप्पो, योगेन्द्र के घर जाकर चांदनी के शव को फंदे से उतार कर मंगलवार देर रात को ही थाना ले आए। पुलिस ने बुधवार को शव को पोस्टमार्टम के लिए मेदिनीनगर भेज दिया।

यहां दोपहर 2 बजे एमआरएमसीएच में शव के खराब स्थिति देखकर डॉक्टर ने उसे पोस्टमार्टम के लिए रांची रिम्स रेफर कर दिया। डॉक्टर के अनुसार नाबालिग के चेहरे एवं शरीर के अन्य हिस्से में जख्म के निशान पाए गए हैं। ऐसे में शव को रेफर करने का निर्णय लिया गया। एमआरएमसीएच में पिता योगेन्द्र ने बताया कि खुदकुशी करने से पहले चांदनी गुस्से में छत से कूद गई थी जिससे उसे गंभीर चोट आई थी।

हालांकि पिता की बात से स्थिति पूरी तरह स्पष्ट नहीं हो रही थी। चांदनी के आंख में सूजन, हाथ में कटे के निशान एवं अन्य जगह जख्म थे। मामले में सब इंस्पेक्टर ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मामला में कुछ कहा जा सकता है। मामले में जांच पड़ताल की जा रही है।

साढ़े तीन हजार रुपये रिश्वत लेता लेखपाल गिरफ्तार

GOMIA : बेरमो अनुमंडल के गोमिया में लेखपाल होरिल प्रजापति को साढ़े तीन हजार रुपये रिश्वत लेते हुए एसीबी ने गिरफ्तार किया है। प्रजापति शिक्षा विभाग स्थित प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी के कार्यालय में कार्यरत था। वह पारा शिक्षक जयनारायण रविदास से घूस की रकम ले रहे थे। लेखापाल ने पारा शिक्षक से उपस्थिति पंजी में सुधार के लिए रिश्वत मांगी थी। परेशान पारा शिक्षक ने रिश्वत देने की बजाए एसीबी धनबाद टीम को सूचना दी। एसीबी की टीम लेखपाल को गिरफ्तार कर धनबाद ले गई।

वन्यप्राणी आश्रयणी की सुरक्षा के लिए किए जाएंगे कई कार्य

बैठक करते आयुक्त व अन्य • फोटोन न्यूज

HAZARIBAG : उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल अंतर्गत आने वाले हजारीबाग एवं कोडरमा वन्यप्राणी आश्रयणी क्षेत्रों की परिस्थितिकी संवेदी जोन (इको-सेंसेटिव जोन) के अनुश्रवण के लिए गठित निगरानी समिति की बैठक बुधवार को हुई। आयुक्त उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडलीय कार्यालय के सभा कक्षा में हुई बैठक की अध्यक्षता आयुक्त, उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल, हजारीबाग द्वारा की गई। बैठक का उद्देश्य अधिसूचना में वर्णित पर्यावरणीय प्रावधानों के प्रभावी क्रियान्वयन एवं संरक्षण गतिविधियों की निगरानी सुनिश्चित करना था। बैठक में जिन महत्वपूर्ण मुद्दों पर विचार-विमर्श किया गया, उसमें जोनल मास्टर प्लान बाह्य स्त्रोत के जरिए तैयार करने, डीवीसी द्वारा संचालित ऊर्जा संयंत्र से उत्सर्जित फ्लाई ऐश/पौंड ऐश के निष्पादन, इको सेंसिटिव जोन में सम्मिलित ग्रामों की सूची एवं नक्शा में भिन्नता, कोडरमा वन्यप्राणी आश्रयणी के ईको सेंसिटिव जोन अंतर्गत मौजा मेघातरी में प्रस्तावित पेट्रोल पंप निर्माण पर विचार करने आदि पर चर्चा की गई।

दिनदहाड़े बदमाशों ने फाइनेंस कर्मी से लूटे 97.4 हजार रुपये

DUMKA : जिला के सरैयाहाट थाना क्षेत्र के केंदुआ गांव के समीप बाइक सवार अपराधियों के जरिये माइक्रो फाइनेंस कंपनी के कर्मी से लूटपाट की घटना का मामला सामने आया है। घटना को लेकर भारत फाइनेंस नामक कंपनी के हंसडीहा ब्रांच के मैनेजर रोहित कुमार के जरिये प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। घटना बीते 28 अप्रैल की है। पुलिस ने घटना के जांच के बाद प्राथमिकी 30 अप्रैल को दर्ज की है। घटना के विषय में मिली जानकारी के अनुसार फाइनेंस कर्मी विभिन्न गांवों से राशि कलेक्शन कर केंदुआ के रास्ते सरैयाहाट जा रहे थे। इसी दौरान केंदुआ पहाड़ के समीप बाईक सवार तीन बदमाशों ने उनका रास्ता रोक उन्हें धक्का दे सड़क पर गिरा दिया और कंपनी की

97,450 रुपये नगद सहित मोबाइल फोन और टैब लूट कर फरार हो गये। इसके बाद उसने 100 डायल पर फोन कर पुलिस को घटना की जानकारी दी। सरैयाहाट दो दिनों में लगातार दो लूट की घटना ने पुलिस का सिरदर्द बढ़ा दिया है। इससे पूर्व बंदरी में पुलिस की वर्दी में आए अपराधी ने लाखों की लूटपाट की थी अब माइक्रो फाइनेंस कर्मी से लूट की घटना को अंजाम दिया है।

एके पंडा बने सेल के निदेशक (वित्त-लेखा) आदेश जारी

BOKARO : स्टील अथारिटी आफ इंडिया लिमिटेड (सेल) के नए निदेशक (वित्त-लेखा) अशोक कुमार पंडा बनाए गए हैं। इनके नाम पर कैबिनेट कमेटी ने

बुधवार को अंतिम स्वीकृति प्रदान कर दी है। वे गुरुवार को अपना कार्यभार ग्रहण कर लेंगे। पंडा अभी भिलाई इस्पात संयंत्र के अधिशासी निदेशक (वित्त-लेखा) थे।

सेल के निवर्तमान निदेशक (वित्त-लेखा) एके तुलसीआनी 31 मार्च को रिटायर हो गए थे। इसके बाद से यह पद रिक्त था। इस पद पर उनका कार्यकाल 1 अप्रैल 2025 से 31 दिसंबर 2029 तक प्रभावी होगा।

वेस्ट बोकारो में शुरू हुआ अत्याधुनिक फायर स्टेशन

AGENCY RAMGARH : रामगढ़ जिले के वेस्ट बोकारो एरिया को एक नया फायर स्टेशन मिला है। टाटा कंपनी ने फायर स्टेशन का निर्माण किया है। फायर स्टेशन को स्थानांतरित करने का निर्णय इस वजह से लिया गया क्योंकि इसका पुराना स्थान क्वैरी एबी के पास था, जो अब एक सक्रिय खनन क्षेत्र के रूप में विकसित किया जा रहा है। इसी को ध्यान में रखते हुए अप्रैल 2024 में नए स्टेशन का निर्माण शुरू किया गया।

इसे अप्रैल 2025 में निर्धारित समय सीमा के भीतर सफलतापूर्वक पूरा कर लिया गया। करीब 1,600 वर्ग मीटर में फैले इस आधुनिक फायर स्टेशन में वह सभी सुविधाएं मौजूद हैं, जो किसी भी आपात स्थिति में त्वरित और प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करती हैं। इसमें समर्पित

वेस्ट बोकारो का नवनिर्मित फायर स्टेशन • फोटोन न्यूज

फायर टेंडर पार्किंग और रिफिलिंग स्टेशन, अत्याधुनिक कंट्रोल रूम, प्रभारी अधिकारी का कार्यालय, अग्निशमन उपकरणों का संग्रहण केंद्र, 30 कर्मियों के लिए डॉर्मिट्री तथा एक सुव्यवस्थित किचन और डाइनिंग एरिया शामिल हैं। इस नए स्थान से फायर यूनिट वेस्ट बोकारो के किसी भी क्षेत्र तक केवल 10 मिनट में पहुंच सकती है। स्टेशन दो शक्तिशाली फायर टेंडरों से सुसज्जित है, जिनमें प्रत्येक की क्षमता 5000 लीटर पानी और 500 लीटर मैकेनिकल फोम की है। इसके अतिरिक्त, कर्मियों के लिए सुरक्षा जैकेट्स, रेस्क्यू टूल किट्स, स्मोक कटर लाइट्स, फुल-बॉडी हार्नेस, ब्रीदिंग अप्परैटस सहित तमाम अत्याधुनिक उपकरण उपलब्ध हैं। यह फायर स्टेशन केवल एक संरचना नहीं, बल्कि टाटा स्टील की सुरक्षा संस्कृति, समुदाय के प्रति प्रतिबद्धता और सतत विकास के विजन का जीवंत प्रतीक है।

जंक और फास्ट फूड से रहें दूर, हर दिन सुबह या शाम 45 मिनट जरूर चलें

भोजन के समय टीवी-मोबाइल देखने से बढ़ता मोटापा

PHOTON NEWS DHANBAD: ऊंचाई की तुलना में शरीर का वजन यदि 25 बॉडी मास इंडेक्स से ज्यादा हो, तो इसे मोटापा की श्रेणी में रखा जाता है। मोटापा आज विभिन्न गैर संचारी रोग का बड़ा कारण बन रहा है। ऐसे में जरूरी है दिनचर्या में बदलाव, पौष्टिक आहार, तनाव रहित जीवन अपना कर मोटापा और इससे होने वाली बीमारियों से बचा जा सकता है। ये बातें शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज-अस्पताल के प्रीवेंटिव एंड कम्युनिटी मेडिसिन के विभागाध्यक्ष डॉ. रवि भूषण झा ने कहीं।

उन्होंने बताया कि मोटापा होने की वजह से हृदय रोग, लकवा, मधुमेह और ब्लड प्रेशर जैसी बीमारी होना आम बात हो गई है। मोटा पर नियंत्रण नहीं किया गया तो यह आगे चलकर कैंसर और आर्थराइटिस को भी न्योता देता है।

डॉ. रवि भूषण झा

मां के दूध में मोटापा नियंत्रित करने की क्षमता

डॉ. झा ने बताया कि नवजात बच्चे को 6 महीने तक मां के दूध के अलावा कोई ऊपरी आहार नहीं देना चाहिए। ऐसा पाया क्या है की मां के दूध में ऐसे एंजाइम होते हैं, जो मोटापा को नियंत्रित करता है। 6 महीने के जो बच्चे ज्यादा वजन के होते हैं, उससे यह निष्कर्ष निकाला जाता है कि उसे मां के दूध के अलावा ऊपरी दूध अथवा आहार दिया जा रहा है। जो बच्चे शुरूआत में मोटे होते हैं, आमतौर पर वयस्क होने पर भी वह मोटे रह जाते हैं। यह मोटापा विभिन्न बीमारियों का कारण बनता है।

फास्ट और जंक फूड से बच्चों को रखें दूर

आजकल फास्ट फूड और जंक फूड का चलन काफी बढ़ गया है। इसमें दो गंभीर बातें हैं। यह शरीर के लिए काफी नुकसानदेह होता है, क्योंकि इसके सेवन से शरीर के जरूरी पोषक तत्व खत्म हो जाते हैं। ऊपर से हाई कार्ब और प्रोटीन होने की वजह से बच्चे जल्दी मोटे हो जाते हैं। ऐसे में फास्ट और जंक फूड से बच्चों को दूर रखें।

मोटापा से बचने के लिए क्या करें

- हर दिन 45 मिनट जरूर पैदल चलें, इसके लिए सुबह होना जरूरी नहीं है, जब भी मौका मिले चाहे दोपहर हो या शाम, टहलने जरूर जाएं।
- जितना खाना खाते हैं, उससे आधा खाना ही खाएं, कोशिश करें कि रात 8 बजे के बाद कुछ भी नहीं खाएं।
- फास्ट फूड, जंक फूड, अल्कोहल, धूम्रपान से दूरी बनाएं।
- जीवन में तनाव को कम करने की कोशिश करें, अपने परिवार को समय दें, घूमने जाएं।



उन्होंने कहा कि लोगों में तेजी से मोटापा बढ़ रहा है, इसका एक बड़ा कारण हाल के दिनों में एक शोध में सामने आया है। उन्होंने बताया कि भोजन करते वक्त लोग मोबाइल या टीवी देखते हैं, तो इससे मस्तिष्क की संवेदी तांत्रिकाएं स्क्रीन पर रहती हैं और उन्हें पता नहीं चल पाता कि पेट को कितना भोजन चाहिए। लोग जरूरत से ज्यादा खा लेते हैं या कुछ ना कुछ खाते रहते हैं। यह दिनचर्या लंबी चलने की वजह से शरीर में अतिरिक्त वसा का जमाव होने लगता है, जो मोटापा का कारण बनता है।

बिजली समस्या को लेकर अधीक्षण अभियंता से मिला चैंबर प्रतिनिधिमंडल

RAMGARH : रामगढ़ जिले में बिजली की समस्या को लेकर रामगढ़ चेंबर ऑफ मर्स एंड इंडस्ट्रीज ने पहल की है। विद्युत आपूर्ति की लचर व्यवस्था के संबंध में अधीक्षक अभियंता से मुलाकात की। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने पावरकट की मेंटेनेंस के लिए निर्धारित समय ओवरहेड वायर सहित स्मार्ट मीटर से जुड़ी परेशानियां बतायी। साथ ही इन सब विषयों को लेकर बुधवार को एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में विद्युत विभाग 5 एवी स्विच का उपयोग करने, स्मार्ट मीटर लगने के बाद भी बिल निर्गत नहीं होने, बिजली विभाग के अधिकारियों के कार्यालय में बैठने की समय सुनिश्चित होने, बिजली के तारों की स्थिति जर्जर अवस्था को ठीक करने, रामगढ़ शहर में 33 हजार केबीए के ओवर हेड तार को अंडरग्राउंड करने, भुरकुंडा बाजार में जर्जर तारों को ठीक करने जैसी मांग शामिल हैं। इन सभी मुद्दों पर अधीक्षक अभियंता ने चेंबर के प्रतिनिधिमंडल से वार्ता की।

बहरागोड़ा कॉलेज की सभी सूचनाएं पारदर्शी हों : प्राचार्य

शिक्षकों व कर्मचारियों के साथ बैठक करते प्राचार्य

BAHRAGORA : बहरागोड़ा कॉलेज में बुधवार को प्राचार्य डॉ. बीके बेहरा की अध्यक्षता में शिक्षक एवं गैर शैक्षणिक कर्मचारियों की बैठक हुई' अपने संबोधन में प्राचार्य ने कहा कि कॉलेज से संबंधित हर सूचना पारदर्शी होनी चाहिए। मॉडल कॉलेज के रूप में चयन के उपरांत प्राप्त राशि के खर्च का संपूर्ण ब्यूरो मानव संसाधन विकास विभाग रांची को उपलब्ध करा दिया गया है' पिछली बार सीमित संसाधन के बावजूद नैक से हमें ग्रेड-बी प्राप्त हुआ था' चार-पांच वर्षों में संसाधनों का काफी विकास हुआ है' उन्होंने महाविद्यालय के वेब पेज को उच्च दर्जे तक ले जाने और उसे व्यवस्थित करने का निर्देश दिया' विद्यार्थियों की उपस्थित पंजी का संधारण नियमित तौर पर होना चाहिए' आवश्यकता आधारित शिक्षकों की कक्षा से संबंधित विस्तृत जानकारी संधारित की जाए। पिछले 5 वर्ष में विद्यार्थियों से प्राप्त प्रोजेक्ट की कॉपी भी संधारित की जाए। लाइब्रेरी में उपलब्ध पुस्तकों की सूचना भी संधारित करें' राज्य सरकार की ओर से कॉलेज का चयन आर्ट ऑफ कॉलेज के रूप में किया गया है' इसका श्रेय भी सभी कर्मचारियों को है' हम सभी को अभी से नैक की तैयारी में जुट जाना है'

BRIEF NEWS

एक्सीलेंट पब्लिक स्कूल में हुआ योग जागरूकता शिविर का आयोजन

RANCHI : बुधवार को आनंद मार्ग प्रचारक संघ के तत्वाधान में शहर के सिमलिया स्थित एक्सीलेंट पब्लिक स्कूल के प्रांगण में एक दिवसीय योग जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें लगभग 500 बच्चों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम के मुख्य प्रशिक्षिका रांची के प्राख्यात स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉक्टर आचार्या करुणा शाहदेव ने योग की महत्ता के वैज्ञानिक पक्ष पर बच्चों को प्रशिक्षित किया। उन्होंने योग के बिषय में बताते हुए कहा किसंयोगो योगो इत्युक्तो जीवात्मा का परमात्मा में मिल जाने की जो प्रक्रिया है इसे ही योग कहते हैं। परम पुरुष का सबसे जटिल संरचना मानव संरचना है।

मौलाना अंसारुल्लाह कासमी बनाए गए शहर काजी

RANCHI : हजरत मौलाना कारी अंसारुल्लाह कासमी को शहर काजी बनाया गया। यह निर्णय झारखंड सरकार के राजस्व निबंधन व भूमि सुधार विभाग ने काजी अधिनियम के तहत शक्तियों का प्रयोग करते हुए राज्यपाल के आदेश पर हुआ हैं। राजस्व निबंधन व भूमि सुधार विभाग ने अधिसूचना जारी किया है। इसमें लिखा है कि काजी अधिनियम 1880 संख्या-12 कंडिका 2 शक्तियों का प्रयोग करते हुए झारखंड राज्यपाल के आदेश से हजरत मौलाना कारी अंसारुल्लाह पिता स्वर्गीय कारी अलीमुद्दीन मदीना मस्जिद हिंदपीढ़ी को रांची जिलान्तर्गत भारतीय मुस्लिम समुदाय के बीच विवाह अनुष्ठानिरुत करने तथा प्रमाण-पत्र देने हेतु शहर काजी की अनुज्ञप्ति देते हैं एवं उन्हें विवाह निबंधक घोषित करते हैं।

सरला बिरला स्कूल में एआई हेल्थ मशीन का हुआ उद्घाटन

RANCHI : सरला बिरला पब्लिक स्कूल में एक विशेष मशीन का उद्घाटन किया गया, जिसे एआई पावर्ड हेल्थ स्क्रीनिंग कीओस्क कहा जाता है। इस मशीन का नाम प्रोफिलैक्सिस है। यह मशीन छात्रों के स्वास्थ्य की जांच के लिए विकसित की गई है और इसके माध्यम से ब्लड प्रेशर, सुगर लेवल तथा श्वसन प्रणाली की जाँच जैसे कई महत्वपूर्ण परीक्षण किए जा सकते हैं। इस पहल का उद्देश्य यह है कि किसी भी बीमारी की समय रहते पहचान की जा सके, जिससे छात्रों का स्वास्थ्य बेहतर बना रहे और उनका समग्र विकास हो सके।

हिज्ब-उत-ताहिर की शबनम है बेहद खतरनाक, धार्मिक कट्टरता के मिले सबूत

PHOTON NEWS RANCHI : आतंकी संगठन हो या फिर उनके स्लीपर सेल, झारखंड अक्सर इन्हें लेकर चर्चा के केंद्र में रहा है। देश के कई राज्यों में बम धमाकों में शामिल रहे संदिग्ध आतंकी झारखंड के विभिन्न शहरों से गिरफ्तार होते रहे हैं। लेकिन, पहली बार झारखंड से एक संदिग्ध महिला को भी गिरफ्तार किया गया है। उसके मोबाइल में विस्फोटक जानकारियां भरी पड़ी हैं। ये हैं धनबाद से गिरफ्तार शबनम। शबनम को ही आतंकी संगठन हिज्ब-उत-ताहिर का एक बड़ा हैंडलर माना जा रहा है।

भारत में प्रतिबंधित आतंकी संगठन हिज्ब उत-ताहिर के झारखंड मॉड्यूल के खुलासे के बाद धनबाद के वासेपुर में हड़कंप मचा हुआ है। झारखंड पुलिस के एंटी टेररिस्ट स्कॉट ने पहली बार झारखंड से एक संदिग्ध महिला को गिरफ्तार किया है। 20 वर्षीय महिला बेहद खतरनाक बताई जा रही है। झारखंड एटीएस के एसपी ऋषभ झा ने बताया कि पहले तो शबनम शक की घेरे में नहीं थी, लेकिन जब उसके मोबाइल की जांच की गई तो पूरी एटीएस की टीम भी हैरान हो गई। आरोपी के मोबाइल में कई ऐसे तथ्य पाए गए हैं, जो बेहद आपत्तिजनक हैं।

झारखंड मॉड्यूल के खुलासे के बाद धनबाद के वासेपुर में मचा है हड़कंप

चार लोग हुए थे गिरफ्तार

एटीएस की टीम ने संदिग्ध महिला के साथ इस मामले में कुल चार लोगों को गिरफ्तार किया था। जिसमें संदिग्ध शबनम का पति भी शामिल है। संदिग्ध के मोबाइल से जानकारी मिली है कि वह लगातार अपने आसपास के लोगों को भी जिहाद के लिए भड़का रही थी। अपने पति और बाकी गिरफ्तार संदिग्धों को भी उसी ने भड़काया था। शबनम के मोबाइल से एटीएस को कई अहम जानकारी मिली है। उसके मोबाइल पर देश विरोधी मैसेज भी मिले हैं। एटीएस संदिग्ध के मोबाइल पर मैसेज भेजने वालों के बारे में जानकारी इक्ट्ठा कर रही है। साथ ही उसके दूसरे राज्यों या फिर विरोधी कनेक्शन के बारे में भी जानकारी जुटा रही है।

हथियारों और दस्तावेजों की जांच शुरू

एटीएस एसपी ऋषभ झा के अनुसार, संदिग्धों के पास से दो बेहद उम्दा किस्म के हथियार बरामद हुए हैं। बरामद हथियार विदेशी है या देश में निर्मित है, इसकी भी जांच की जा रही है। एटीएस अफसरों के अनुसार संदिग्धों के पास से जब्त दस्तावेजों की जांच शुरू कर दी गई है। गौरतलब है की झारखंड एटीएस ने हिज्ब उत-ताहिर संगठन से जुड़े चार संदिग्धों को शनिवार को धनबाद के वासेपुर से गिरफ्तार किया था। गिरफ्तार आरोपियों में धनबाद के वासेपुर अलीनगर से 21 वर्षीय गुलफाम हसन, भूली के आजाद नगर अमन सोसायटी से 21 वर्षीय आयान जावेद, शमशेर नगर गली नंबर-3 से आयान की पत्नी 20 वर्षीय शबनम परवीन और 20 वर्षीय मोहम्मद शहजाद आलम शामिल हैं।

शबनम से शादी के खिलाफ थे अयान के परिजन

एटीएस की जांच में यह बात भी सामने आई है कि धनबाद के वासेपुर के भूली आजाद नगर निवासी आयान जावेद की शादी शबनम परवीन से हुई थी। इस रिश्ता से आयान जावेद के परिजन खुश नहीं थे। वे इस रिश्ता का विरोध करते थे। परिवार के विरोध के बावजूद आयान जावेद ने शबनम से शादी कर ली। बताया जा रहा है कि आयान जावेद के परिजनों को शबनम की गतिविधि की जानकारी थी?। उन्हें यह पता था कि वह कुछ देश विरोधी कार्यों से जुड़ी हुई है। जिसकी वजह से आयान का परिवार शबनम को पसंद नहीं था।

दोबारा निर्णय के लिए निचली अदालत को भेजने से पहले दोषपूर्ण आदेश को स्पष्ट रूप से करें रद्द

डीसीएलआर खुद दे सकते थे आदेश, सीओ को भेजा तो स्पष्ट निर्देश जरूरी : हाईकोर्ट

PHOTON NEWS RANCHI : झारखंड हाईकोर्ट ने पिछले दिनों अपने एक आदेश में कहा है कि जब कोई अपीलीय पदाधिकारी किसी मामले को दोबारा निर्णय के लिए निचली अदालत को भेजता है तो उसे दोषपूर्ण आदेश को स्पष्ट रूप से रद्द करना चाहिए। साथ ही मामले के निष्पादन के लिए समय सीमा भी तय करनी चाहिए, ताकि अनावश्यक विलंब से बचा जा सके। हाईकोर्ट ने यह आदेश एक रिट याचिका की सुनवाई करते हुए दिया, जिसमें गिरिडीह जिले के याचिकाकर्ता मोहम्मद सफराज मिर्जा ने गिरिडीह सीओ द्वारा भूमि का म्यूटेशन नहीं किये जाने के विरुद्ध हाईकोर्ट का रुख किया था। दरअसल सरफराज की म्यूटेशन अर्जी को सीओ ने इस आधार पर खारिज कर दिया कि उन्होंने जरूरी भूमि दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किये थे। सीओ के आदेश को उन्होंने भूमि सुधार उप समाहर्ता (डीसीएलआर) गिरिडीह के पास अपील की। डीसीएलआर ने इस मामले को फिर से सीओ को सुनवाई कर आदेश पारित करने के लिए भेज दिया। लेकिन सीओ की ओर से सुनवाई में काफी देर की गयी।

हाईकोर्ट ने याचिका का निपटारा करते हुए गिरिडीह डीसीएलआर को निर्देश दिया कि आदेश की प्रति प्राप्त होने या प्रस्तुत किये जाने की तारीख से चार सप्ताह के भीतर नया आदेश पारित करें।

स्पेशल ब्रांच के दरोगा अनुपम की हत्या के आरोपियों को हाईकोर्ट से बेल

RANCHI : स्पेशल ब्रांच के दरोगा अनुपम कच्छप की हत्या के दो आरोपियों मनोहर कुमार सिंह और संजय सिंह को हाईकोर्ट ने बेल दे दी है। हाईकोर्ट ने दोनों को 25-25 हजार के निजी मुचलके जमा करने और आधार कार्ड में बदलाव नहीं करने और ट्रायल के दौरान इस केस से जुड़े गवाहों को प्रभावित नहीं करने की शर्त पर बेल दी है। मनोहर कुमार सिंह और संजय सिंह की जमानत याचिका पर हाईकोर्ट के न्यायधीश जस्टिस अनिल कुमार चौधरी की कोर्ट में सुनवाई हुई। आरोपियों की ओर से अधिवक्ता सूरज किशोर प्रसाद ने बहस की। दरअसल पिछले वर्ष दो अगस्त की देर स्पेशल ब्रांच के दरोगा अनुपम कच्छप की गोली मारकर हत्या कर दी गयी थी।

जेवीएम के भाजपा में विलय को चुनौती देने वाली याचिका में बाबूलाल बने प्रतिवादी

RANCHI : भारतीय जनता पार्टी में झारखंड विकास मोर्चा के विलय को स्वीकृति देने के भारतीय निर्वाचन आयोग के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई हुई। हाईकोर्ट ने बाबूलाल मरांडी को प्रतिवादी बनाने का आग्रह स्वीकार कर उन्हें प्रतिवादी बनाया है। अब अदालत इस मामले में गर्मी छुट्टियों के बाद सुनवाई करेगा।

दरअसल वर्ष 2019 में हुए विधानसभा चुनाव में झारखंड विकास मोर्चा (जेवीएम) के तीन प्रत्याशियों बाबूलाल मरांडी, प्रदीप यादव और बंधु तिर्की की जीत हुई थी। चुनाव में जीत के बाद जेवीएम सुप्रीमो बाबूलाल मरांडी ने पार्टी का विलय बीजेपी में कर लिया था।

बाबूलाल मरांडी के इस फैसले का विरोध करते हुए दो विधायक प्रदीप यादव और बंधु तिर्की कांग्रेस में शामिल हो गए। बीजेपी में जेवीएम के विलय को भारत निर्वाचन आयोग ने सही माना। आयोग के इस फैसले को प्रदीप यादव ने हाईकोर्ट में चुनौती देते हुए याचिका दायर की थी। उसी याचिका पर हाईकोर्ट सुनवाई कर रहा है।

विद्यार्थियों को लक्ष्य प्राप्ति के लिए शिक्षा देती है हमारी यूनिवर्सिटी : स्वामी सत्यचैतन्य

PHOTON NEWS RANCHI : हमारी यूनिवर्सिटी सिर्फ डिग्रियां नहीं बांटती, बल्कि विद्यार्थियों को वह शिक्षा देती है, जिससे वे अपने लक्ष्य की प्राप्ति कर सकें। बुधवार को रांची प्रेस क्लब में मीडिया के प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए कटक स्थित श्री श्री यूनिवर्सिटी के कार्मिक निदेशक स्वामी सत्यचैतन्य ने यह बात कही। इस दिन रांची के शिक्षाविदों, शिक्षाप्रेमियों, झारखंड राज्य के प्रमुख गणमाध्यम संस्थानों और महाविद्यालय जाने के लिए तैयारी करते हुए विद्यार्थियों के लिए एक सुनहरा अवसर प्रदान किया। क्योंकि कटक, ओडिशा से आए हुए श्री श्री यूनिवर्सिटी के कर्त्ताधाताओं ने उनको ज्ञानलोक से संबंधित दिशा-निर्देश किया। विश्वविद्यालय के कार्मिक निदेशक स्वामी सत्यचैतन्य, फैकल्टी ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के डीन तथा वरिष्ठ प्राध्यापक प्रो. (डॉ.) रबी नारायण सतपथी प्रमुख उन समूहों के सामने अपने पक्ष रखते हुए नैतिक मूल्यबोध आधारित शिक्षा और शिक्षण संस्थानों के बारे में विस्तार से वर्णन किया।

स्वामी जी ने पत्रकारों के प्रश्नों के उत्तर देते हुए केंद्र सरकार की राष्ट्रीय शिक्षा नीति की सराहना की और बोले आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आज समय की मांग है और सभी को इसके बारे में सीखना जरूरी है। हमारे सभी विभागों की सभी शाखाओं में इसका उपयोग सही मायने में हो रहा है। इसके साथ ही बातों-बातों में उन्होंने बताया कि श्री श्री विश्वविद्यालय किस प्रकार गुणात्मक शिक्षा के प्रचार और प्रसार के लिए एड़ी-चोटी का जोर लगा रही है। वर्ष 2009 में स्थापित और 2012 से क्रियाशील यह विश्वविद्यालय प्रति वर्ष लगभग सौ प्रतिशत विद्यार्थियों को नियुक्ति के अवसर प्रदान करती है। वर्तमान में विश्वविख्यात मानवतावादी और आध्यात्मिक गुरु परम पूज्य श्री श्री रविशंकर जी द्वारा स्थापित इस विश्वविद्यालय में 28 राज्यों और 8 देशों से लगभग 3500 विद्यार्थी अध्ययनरत हैं।

मदरसे के बच्चे समाज की रीढ़ हैं : मौलाना तहजीबुल हसन

PHOTON NEWS RANCHI : बुधवार को एक दिवसीय मजलिस तहफ्फुज अवकाफ व शिक्षा कार्यक्रम का आयोजन जामिया अरबिया कासिमुल-उलूम बयासी जिला रांची झारखंड का आयोजन किया गया। तहफ्फुज अवकाफ पर भी विस्तृत चर्चा हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता हाफिज अब्दुस सुभान अल-हुसैनी ने की और संचालन जामिया अरबिया कासिमुल-उलूम बयासी के प्रधानाचार्य हजरत मौलाना मुशर्रफ आलम कासमी ने किया। अपने स्वागत भाषण में उन्होंने मदरसों की महत्ता पर प्रकाश डाला और कहा कि आज केंद्र सरकार इन मदरसों को बंद करना चाहती है, जबकि ये मदरसे धर्म के किले हैं। आज वक्फ का दर्जा खत्म करने की साजिश हो रही है। हम पहलगाम हमले में शहीद हुए लोगों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करते हैं। इस दौरान कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि हजरत मौलाना हाजी सैयद तहजीबुल-हसन रिजवी इमाम जुमा मस्जिद जाफरिया रांची ने अपने संबोधन में कहा कि छात्र का स्थान महान है। ये मदरसे के बच्चे समाज की रीढ़ हैं। इस समय हर जगह वकफ की चर्चा हो रही है। हमारे अपने लोगों ने ही वकफ को नुकसान पहुंचाया है। ये वक्फ की दुकान का किराया के खुद 15,000 रुपये लेते हैं और वक्फ बोर्ड को 500 रुपये दे रहे हैं। आज लोग उलेमा के खिलाफ बोल रहे हैं।

सीसीएल में 74 सेवानिवृत्त कर्मियों को दी गई विदाई

RANCHI : बुधवार को सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) के मुख्यालय में सेवानिवृत्त होने वाले 74 कर्मियों को सम्मानपूर्वक विदाई दी गई। इनमें मुख्यालय में कार्यरत सात कर्मी- कुणाल,मुख्य प्रबंधक (उत्खनन), उत्खनन विभाग, राम कुमार सिंह, मुख्य प्रबंधक (खनन), वन विभाग, अरुण कुमार श्रीवास्तव, कार्यालय अधीक्षक, सुरक्षा एवं बचाव विभाग, तारा कुजूर, मैट्रन, गांधीनगर अस्पताल, श्याम सुंदर माजी, वरीय डीईओ, मार्केट एंड सेल्स विभाग, शेख तोफिर, कूक, वेलफेयर कैंटीन एवं जयंती चौधरी,जूनियर डीईओ, सिक्योरिटी विभाग भी शामिल रहे। समारोह में सीसीएल के निदेशक (मा.सं.) हर्षनाथ मिश्र एवं मुख्य सतर्कता अधिकारी पंकज कुमार विशेष रूप से उपस्थित रहे।

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से मिला एफजेसीसीआई शिष्टमंडल, सौंपा ज्ञापन

PHOTON NEWS RANCHI : राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से बुधवार को फेडरेशन ऑफ झारखंड चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज (एफजेसीसीआई) के शिष्टमंडल ने राजभवन में मुलाकात की। शिष्टमंडल ने हाल ही में जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में निर्दोष पर्यटकों पर हुए आतंकी हमले की कड़े शब्दों में निंदा की और इसे मानवता के विरुद्ध जघन्य अपराध बताया।

शिष्टमंडल ने कहा कि यह कायराना हमला न केवल कश्मीर में शांति और पर्यटन को बाधित करने का कुत्सित प्रयास है, बल्कि वहां के स्थानीय लोगों की आजीविका पर भी प्रतिकूल प्रभाव डालने वाला है।

ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि अनुच्छेद 370 के हटने के बाद से जम्मू-कश्मीर में पर्यटकों की संख्या में ऐतिहासिक रूप से वृद्धि हुई थी। इस हमले से कश्मीर के पर्यटन विकास के साथ-साथ इस सेक्टर से जुड़े लोगों की आजीविका भी प्रभावित हुई है।

शिष्टमंडल ने इस सुनियोजित आतंकी घटना में शामिल दोषियों एवं उनके सहयोगियों के विरुद्ध कठोरतम कार्रवाई की बात कही।

शिष्टमंडल ने राज्य की गिरती विधि-व्यवस्था की ओर भी राज्यपाल का ध्यान आकृष्ट कराया।

सीसीएल मुख्यालय में विद्युत सुरक्षा व लोटो कार्यान्वयन पर हुई कार्यशाला

RANCHI : बुधवार को सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) के मुख्यालय, रांची में विद्युत सुरक्षा, शटडाउन प्रक्रिया एवं लोटो के कार्यान्वयन विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला। इस कार्यक्रम का उद्घाटन सीसीएल के निदेशक (तकनीकी/संचालन) चंद्रशेखर तिवारी द्वारा किया गया। उन्होंने अपने संबोधन में खनन क्षेत्रों में विद्युत सुरक्षा, संरचित शटडाउन प्रक्रियाएं एवं लोटो प्रणाली के प्रभावी कार्यान्वयन की आवश्यकता और प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला। इस कार्यशाला में सीसीएल के विभिन्न क्षेत्रों से आए कोलियरी अभियंता (विद्युत एवं यांत्रिक) तथा इलेक्ट्रिकल सेफ्टी ऑफिसर्स सहित कुल 50 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

बोकारो में आठ नक्सलियों के एनकाउंटर में मारे जाने के बाद बढ़ी दहशत

पुलिस की लगातार कार्रवाई से नक्सलियों में मचा हड़कंप

PHOTON NEWS RANCHI : नक्सलियों को जड़ से खत्म करने के लिए झारखंड पुलिस ने कमर कस ली है। पुलिस की लगातार कार्रवाई से झारखंड में नक्सलियों में हड़कंप मचा हुआ है। खासकर जब से बोकारो में आठ नक्सलियों का एक साथ एनकाउंटर हुआ है, तब से नक्सलियों में बेचैनी ज्यादा बढ़ गई है। आलम यह है कि दर्जन भर नक्सली आत्मसमर्पण के लिए पुलिस और केंद्रीय बलों से संपर्क करने में जुट गए हैं।

झारखंड में नक्सलियों के खिलाफ पुलिस का अभियान और एनकाउंटर में इनामी नक्सलियों के मारे जाने के बाद नक्सल संगठन में खलबली मची हुई है। झारखंड के डीजीपी अनुराग गुप्ता ने बताया कि कई जिलों में नक्सली आत्मसमर्पण के लिए एसपी से संपर्क कर रहे हैं। डीजीपी ने बताया कि लगातार आत्मसमर्पण के लिए नक्सली हमारे जिलों के एसपी से संपर्क कर रहे हैं। ऐसे में वे भी चाहते हैं कि जो युवा रास्ता भटक कर हिंसा के मार्ग पर चल पड़े हैं, वे मुख्य धारा से जुड़ें।

दर्जन भर नक्सली आत्मसमर्पण के लिए लगा रहे मदद की गुहार

बेहतर है झारखंड सरकार की आत्मसमर्पण नीति

झारखंड के डीजीपी अनुराग गुप्ता ने बताया कि झारखंड सरकार की आत्मसमर्पण नीति बेहद आकर्षक है। सरेंडर करने वाले नक्सलियों को सामान्य जेल के बजाय ओपन जेल में रखा जाता है। वहीं जो नक्सली आत्मसमर्पण करते हैं, उन्हीं को इनाम की राशि भी मिलती है। इस सरेंडर पॉलिसी का अगर इनामी नक्सली फायदा उठाते हैं तो वह एक बेहतर जीवन गुजार सकते हैं अन्यथा अगर उनकी जानकारी किसी आम नागरिक या सुरक्षा बलों को मिलती है और वह पुलिस तक उसकी सूचना पहुंचाते हैं या पकड़े जाते हैं, तो नक्सली की गिरफ्तारी के बाद रिवार्ड मनी आम पब्लिक या फिर सुरक्षाबलों के पास जाएगा। कुल मिलाकर यह कहा जा सकता है कि नक्सलियों के पास अब दूसरा कोई रास्ता नहीं है।

जिलों के एसपी के डीजीपी का निर्देश

मिली जानकारी के अनुसार, झारखंड के लोहरदगा, लातेहार, पलामू से लेकर कई जिलों में एक्टिव नक्सली कैडर आत्मसमर्पण के लिए लगातार प्रयास कर रहे हैं। ऐसे में डीजीपी के द्वारा सभी जिलों के एसपी को यह निर्देश जारी किया गया है कि जो भी नक्सली कैडर पुलिस के सामने सरेंडर करना चाहते हैं। उनकी मदद कर उन्हें मुख्य धारा से जोड़ा जाए। डीजीपी ने जिलों के एसपी को यह भी निर्देश दिया है कि वो आत्मसमर्पण के लिए संपर्क करने वाले नक्सली कैडरों को झारखंड सरकार की आत्मसमर्पण नीति के तहत मिलने वाले लाभ की भी जानकारी दें।

हेराल्ड केस के साथ कांग्रेस की बढ़ रही संविधान को लेकर चिंता : बाबूलाल

RANCHI : भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने बुधवार को कांग्रेस पार्टी के शीर्ष नेतृत्व पर जमकर निशाना साधा है। मरांडी ने कहा कि झारखंड में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे संविधान बचाने की बात करने आ रहे हैं, तो क्या सबसे पहले आते ही वे मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से हाफि जुल हसन के इस्तीफे की मांग करेंगे? क्योंकि ऐसे संविधान विरोधी व्यक्ति के साथ गठबंधन में बने रहना और उसी समय संविधान बचाओ रैली करना तो दोहरा चरित्र की परिभाषा ही है। उन्होंने कहा कि यह कोई इत्तेफाक नहीं है कि जैसे-जैसे नेशनल हेराल्ड केस की परतें खुलती जा रही हैं, कांग्रेस पार्टी की संविधान को लेकर चिंता भी बढ़ती जा रही है।

सेवानिवृत्त जनसेवक लेटेंगा उरांव को नम आंखों से दी गई विदाई

PHOTON NEWS RANCHI : बुधवार को बेड़ो प्रखंड कार्यालय में एक विदाई समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें जन सेवक लेटेंगा उरांव को उनकी सेवानिवृत्ति पर नम आंखों से विदाई दी गई। इस अवसर पर प्रखंड कर्मियों, अधिकारियों एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने उनकी सेवाओं को याद करते हुए भावपूर्ण शब्दों में शुभकामनाएं दीं। समारोह की अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) राहुल उरांव ने की। उन्होंने कहा कि लेटेंगा उरांव सहज, शालीन और कर्मठ अधिकारी रहे हैं। उन्होंने हमेशा समय का पालन करते हुए अपने कर्तव्यों का निर्वहन किया। प्रधान सहायक फारूक नदीम ने कहा,लेटेंगा उरांव एक ईमानदार और समर्पित जनसेवक रहे। यह मेरे कार्यकाल का पहला अवसर है जब किसी कर्मचारी की सेवानिवृत्ति के दिन ही पेंशन, जीपीएफ सहित सभी कागजी प्रक्रियाएं शत-प्रतिशत पूर्ण हो पाई हैं इस अवसर पर प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी संजय तिर्की, राजेश नायक, सौरभ महली, परमानंद साहू, करमू कंदीर सहित अन्य कर्मियों ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए लेटेंगा उरांव की सेवा भाव, कर्तव्यनिष्ठा एवं सौम्य व्यक्तित्व की सराहना की। समारोह में मुखिया लक्ष्मी कोया समेत अनेक प्रखंड कर्मी उपस्थित रहे।

समाचार सार

वरिष्ठ पत्रकार सिद्धिनाथ दूबे का निधन

ADITYAPUR : वरिष्ठ पत्रकार सिद्धिनाथ दूबे (75) का बुधवार को आदित्यपुर एलआईजी-रो हाउस स्थित आवास पर दोपहर में निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार देर शाम पार्वती घाट, बिष्टुपुर में संपन्न हुआ। स्व. दूबे कुछ माह से बीमार चल रहे थे। वे अपने पीछे पत्नी, पुत्र अमित, तीन विवाहित पुत्री सहित भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं। वे बक्सर (बिहार) जिला अंतर्गत शाहपुर थाना क्षेत्र के मूल निवासी थे।

मनीषा को दसवीं में मिला जिले में दूसरा स्थान

GHATSILA : संत जोसेफ कॉन्वेंट स्कूल काशिदा की 10वीं की परीक्षा में मनीषा झा ने 99.60 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिला में दूसरा स्थान हासिल किया है। मनीषा को गणित व अंग्रेजी में 98 को छोड़कर बाकी सभी विषयों में 100 में 100 अंक प्राप्त हुए हैं। इसी विद्यालय की करिश्मा गर्ग ने 98 प्रतिशत अंक लाकर विद्यालय में दूसरा और जिले में सातवां स्थान हासिल किया है। इस विद्यालय में तीसरा स्थान कृतिका मंडल, शहनवाज अली व आयुष कुमार महतो ने 92 प्रतिशत अंक लाकर प्राप्त किया है। धालभूमगढ़ निवासी सरकारी चिकित्सक डॉ. एसके झा की पुत्री मनीषा झा आईआईटी में दाखिला लेना चाहती है। वह कभी ट्यूशन नहीं पढ़ी।

संस्कृति बचाने को आगे आएं युवा : जगत माझी

ANANDPUR : चक्रधरपुर अनुमंडल अंतर्गत मनोहरपुर के आनंदपुर प्रखंड में बुधवार को कुडुख सरना पड़हा सद बमड़ी के तत्वावधान में झंडा पुनर्स्थापना कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक जगत माझी उपस्थित हुए। पारंपरिक नृत्य व पूजा-अर्चना के बाद विधायक ने कहा कि सामाजिक संस्कृति की रक्षा के लिए युवा पीढ़ी को आगे आना चाहिए। गंझू बरूवा व बसंती बरूवा के नेतृत्व में हुए कार्यक्रम में अर्चना ग्रुप, सीता ग्रुप, अंजू ग्रुप अनिता एंड करिश्मा ग्रुप, अलबिना एंड मीना ग्रुप, सीता मिंज ग्रुप आदि ने भजन व जतरा गीत प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में कुडुख सरना जागरण मंच के अध्यक्ष रोबी लकड़ा, बुधेश्वर धनवार, सुनील तिर्की, कैलाश कुजूर, धर्मेंद्र बरूवा, जगरा तिर्की, मंगल सिंह एक्का, इदन उरांव, मनीष उरांव, अजय कच्छप, संजीव गंताइत, राजू सिंह समेत काफी संख्या में महिला-पुरूष उपस्थित रहे।

अहमदाबाद-हावड़ा एक्सप्रेस में यात्री की मौत

CHAKRADHARPUR : अहमदाबाद-हावड़ा एक्सप्रेस से यात्रा कर रहे एक यात्री की हार्ट अटैक से मौत हो गई। शव को चक्रधरपुर रेलवे स्टेशन पर उतारा गया और इसकी सूचना परिजनों को दे दी गई। परिजन चक्रधरपुर के लिए रवाना हो गए। जानकारी के अनुसार, छत्तीसगढ़ के दुर्ग निवासी 70 वर्षीय मोहम्मद रफीक राउरकेला आ रहे थे। बोगी संख्या एस-1 के सीट नंबर 73 पर बैठे रफीक की तबीयत बिगड़ गई, जिससे वे राउरकेला में नहीं उतर सके। यात्रियों ने राउरकेला के बाद बेहोशी की हालत में देखने पर ट्रेन के टीटीआई को सूचना दी। टीटी ने चक्रधरपुर स्टेशन मास्टर को इसकी जानकारी दी। बता दें कि यात्री का छोटा भाई मोहम्मद फिरोज चक्रधरपुर रेल मंडल के एसएंडटी विभाग में चीफ ओएस के पद पर कार्यरत है। वे चक्रधरपुर जीआरपी पहुंच गए।

चाईबासा में ढाई करोड़ की लागत से बनेगा मंदिर

CHAIBASA : चाईबासा के टूंगरी स्थित मां तारा मंदिर परिसर में ढाई करोड़ की लागत से नए मंदिर का निर्माण होगा। इसका भूमिपूजन बुधवार को किया गया। इस मौके पर सचिव रितेश चिरानियां ने बताया कि चाईबासा शहर के बीचो-बीच टूंगरी में मां तारा मंदिर को नया स्वरूप दिया जाएगा। सभी के सहयोग से करीब ढाई करोड़ की लागत से भव्य मंदिर का निर्माण होगा। भूमिपूजन के पश्चात श्रद्धालुओं ने भंडारे का भोग-प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर उद्योगपति सह समाजसेवी मुकुंद रूंगटा व समाजसेवी बनवारी लाल नेवटिया भी उपस्थित थे।

अनुमंडल अस्पताल में लगा रक्तदान शिविर

CHAKRADHARPUR : चक्रधरपुर स्थित अनुमंडल अस्पताल में बुधवार को रक्तदान शिविर लगाया गया, जिसमें 29 यूनिट रक्त संग्रह हुआ। स्वास्थ्य विभाग के निर्देश पर लगे शिविर का उद्घाटन विधायक सुखराम उरांव ने किया। इस मौके पर अस्पताल के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. अंशुमन शर्मा, गौरीशंकर महतो, करण महतो, मनोज कुमार साह, श्यामल साव, जगन्नाथ प्रसाद महतो, विजय सिंह सामड, आर्यन हांसदा, भोलेनाथ बोदरा, पूर्ण चंद्र मुखी, बासुदेव मुखी आदि भी मौजूद थे।

सरकारी अस्पताल में शुरू हुई आईसीयू सुविधा

CHAKRADHARPUR : चक्रधरपुर के अनुमंडल अस्पताल में बुधवार को विधायक सुखराम उरांव ने अल्ट्रासाउंड व दो बेड के आईसीयू कक्ष का उद्घाटन किया। इस मौके पर अस्पताल के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. अंशुमन शर्मा, मनोज कुमार साह, पवन कुमार, जगन्नाथ प्रसाद महतो समेत काफी संख्या में स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित थे।

जदयू के प्रदेश अध्यक्ष खीरू महतो पहुंचे

JAMSHEDPUR : जदयू के प्रदेश अध्यक्ष सह राज्यसभा सदस्य खीरू महतो बुधवार शाम को जमशेदपुर पहुंचे। यहां उनका जगह-जगह स्वागत किया गया। महतो 1 मई को जदयू, पूर्वी सिंहभूम के तत्वावधान में बिष्टुपुर स्थित मिलानी हॉल में आयोजित होने वाले मजदूर दिवस सह कार्यकर्ता सम्मान समारोह में शामिल होंगे।

युवक की नदी में डूबकर हो गई मौत

CHAIBASA : पश्चिमी सिंहभूम जिले के झींकपानी थाना अंतर्गत टुटुगुटु के कासिया गांव निवासी रामजा पुरती (42) की नहाने के दौरान पानी में डूबकर मौत हो गई। घटना के संबंध में परिजनों ने बताया कि मृतक रामजा पुरती मंगलवार को गांव स्थित नदी में नहाने गया था। लेकिन घर वापस नहीं आया। नदी की ओर शौच करने गए एक व्यक्ति ने पानी में शव देखा। इसके बाद उसने घटना की जानकारी ग्रामीणों को दी। जानकारी मिलते ही ग्रामीण नदी किनारे पहुंचे और शव को पानी से बाहर निकला। उसे आनन-फानन सदर अस्पताल चाईबासा लाया गया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।

दसवीं में 99.3 प्रतिशत रहा पूर्वी सिंहभूम जिले का रिजल्ट

100 प्रतिशत अंक लाकर शांभवी बनी नेशनल टॉपर, 77 प्रतिशत को 90 प्रतिशत से अधिक अंक मिले

रिजल्ट की खुशी मनाता शांभवी का परिवार ● फोटोन न्यूज

● इस बार 5088 छात्र हुए थे परीक्षा में शामिल

10वीं परीक्षा के पांच साल का रिजल्ट

वर्ष		प्रतिशत
2025	:	99.3
2024	:	99.2
2023	:	99.3
2022	:	99.4
2021	:	98.6
2020	:	98.2

PHOTON NEWS JSR: काउंसिल फॉर द इंडियन स्कूल सर्टिफिकेट एग्जामिनेशन (सीआईएससीई) ने बुधवार को आईसीएसई (10वीं) का परीक्षा परिणाम जारी कर दिया। पिछले साल की ही तरह इस बार भी शहर के स्कूलों का परिणाम शानदार रहा है और करीब 99.3 प्रतिशत बच्चे पास हुए हैं। 10वीं में करीब 77 प्रतिशत से अधिक स्टूडेंट्स का स्कोर 90 प्रतिशत से अधिक है। 97 से 100 प्रतिशत के बीच मार्क्स प्राप्त करने वाले स्टूडेंट्स की संख्या करीब 6 प्रतिशत है। इस साल 10वीं की परीक्षा में शहर के 5088, स्टूडेंट्स शामिल हुए थे। इसमें से 2610 लड़के, तो 2478 लड़कियां हैं। अगर पास प्रतिशत की बात करें तो यहां भी लड़कियां आगे रहीं।

जहां 99 प्रतिशत लड़के तो 99.6 प्रतिशत लड़कियां पास हुई हैं। लोयोला की छात्रा शांभवी जायसवाल को 100 प्रतिशत अंक प्राप्त हुआ है और व नेशनल टॉपर बनी हैं।

जमशेदपुर का रिजल्ट : एक नजर

आईसीएसई 10वीं के टॉप फाइव

छात्र	प्रतिशत	स्कूल
1. शांभवी जायसवाल	100	लोयोला स्कूल
2. वंश जवानपुरिया	99.40	डीबीएमएस इंग्लिश स्कूल
3. कुमार अविनाश	99.20	डीबीएमएस इंग्लिश स्कूल
4. कुणाल खेमका	99	डीबीएमएस इंग्लिश स्कूल
5. लुव्या अग्रवाल	98.8	डीबीएमएस इंग्लिश स्कूल

12वीं साइंस के टॉप फाइव

1. अनुष्या सिंह	99.5	एलएफएस, टेल्को
2. डी साहू	99.25	एलएफएस, टेल्को
3. निकुंज अग्रवाल	99	डीबीएमएस इंग्लिश स्कूल
3. वेदांत सारस्वत	99	नरभेराम हंसराज इंग्लिश स्कूल
4. शौर्या मिश्रा	98.75	एलएफएस टेल्को
4. बर्तिका कुमार	98.75	नरभेराम हंसराज इंग्लिश स्कूल
5. प्रियंका चक्रवर्ती	98.50	हिलटॉप स्कूल, टेल्को

प्रतीकात्मक तस्वीर

आईएससी में शहर के 98.35 प्रतिशत छात्र हुए पास, आगे रहीं लड़कियां

इस प्रकार है पांच साल का रिजल्ट

वर्ष		प्रतिशत
2025	:	98.4
2024	:	98.35
2023	:	98.3
2022	:	98.2
2021	:	98.6
2020	:	98.25

JAMSHEDPUR : काउंसिल फॉर द इंडियन स्कूल सर्टिफिकेट एग्जामिनेशन (सीआईएससीई) ने रविवार को आईएससी (12वीं) का परीक्षा परिणाम जारी कर दिया। इसमें शहर के 4410 विद्यार्थी शामिल हुए थे। जिसमें 2115 लड़कियां तो 2295 लड़के शामिल है। अगर पास प्रतिशत की बात करें तो इस बार शहर के 98.4 प्रतिशत विद्यार्थी पास हुए हैं। इसमें 97.9 प्रतिशत लड़के तो 98.9 प्रतिशत लड़कियां पास हुई हैं। अगर साइंस व कॉमर्स टॉप टेन की सूची पर नजर डालें तो यहां भी लड़कियां लड़कों से आगे हैं। इंटरमीडिएट में एलएफएस की अनुष्या सिंह 99.5 प्रतिशत अंक लाकर जिला टॉपर बनी हैं।

बेल्डीह चर्च स्कूल में पेरेंट्स मीटिंग के दौरान स्कूल का गेट बंद करने पर हंगामा

सुबह 8.30 शुरू होनी थी मीटिंग, उसी समय गेट बंद करने का अभिभावकों ने लगाया आरोप

PHOTON NEWS JSR : बिष्टुपुर स्थित बेल्डीह चर्च स्कूल में बुधवार को हंगामा हो गया। यह हंगामा पैरेंट्स-टीचर मीटिंग को लेकर अभिभावकों ने किया। अभिभावक इस बात पर नाराज थे कि उन्हें पैरेंट्स-टीचर मीटिंग में बुलाया गया था, लेकिन जब वे अंदर जाने लगे तो गेट बंद कर दिया गया। बताते हैं कि बेल्डीह चर्च स्कूल में बुधवार को पैरेंट्स-टीचर मीटिंग होनी थी। सभी अभिभावकों को इसका मैसेज भी दिया गया था। स्कूल की वेबसाइट पर भी पैरेंट्स टीचर मीटिंग होने की बात बताई गई थी। यह मीटिंग दो स्लॉट में होनी थी। पहला स्लॉट सुबह 8.30 बजे शुरू होना था और दूसरा स्लॉट 10 बजे शुरू होना था। अभिभावकों का कहना है कि वे 8.31 बजे तक स्कूल पहुंच गए थे। लेकिन, जब अंदर घुसने लगे तो गेट बंद कर लिया गया और कहा गया कि अब 10 बजे की मीटिंग में आइए। कुछ अभिभावकों का कहना है कि वे 8.45 बजे स्कूल पहुंचे थे, उन्हें भी अंदर नहीं जाने दिया गया। ठीक 8.30 बजे स्कूल का गेट बंद कर दिया गया था। अभिभावकों का कहना है कि जब स्कूल ने समय दिया था तो उन्हें कैंपस में प्रवेश करने देना चाहिए था। पेरेंट्स अपना काम छोड़कर स्कूल पहुंचे थे। अब वह स्कूल से घर जाते और फिर वापस 10 बजे आते तो उनका समय बर्बाद होता। एक अभिभावक का कहना था कि वह काफी दूर परसूडीह से आए हैं। क्या अब वे 10 बजे तक इंतजार करें और फिर उसके बाद मीटिंग करके घर जाएं। एक अभिभावक का कहना था कि उसे ऑफिस जाना है। मीटिंग करके वह घर जाकर इसकी तैयारी करता। लेकिन, अब उसका समय नष्ट हो चुका है। हंगामा होते ही स्कूल के अन्य कर्मचारियों ने गेट पर पहुंचकर किसी तरह अभिभावकों को समझाया। बेल्डीह स्कूल की वाइस प्रिंसिपल एसए मोहंती का कहना है कि पैरेंट्स मीटिंग के लिए जो अभिभावक 8.30 बजे तक आ गए, उन्हें अंदर जाने दिया गया। उनके साथ मीटिंग भी हुई। जो अभिभावक 8.45 बजे स्कूल पहुंचे थे, उन्हें मीटिंग में जाने दिया जाता तो मीटिंग डिस्टर्ब होती।

बेल्डीह चर्च स्कूल गेट के बाहर जुटे अभिभावक व बच्चे ● फोटोन न्यूज

सरडेगा में निरीक्षण करने पहुंचे डीआरएम तरुण हुरिया ● फोटोन न्यूज

सरडेगा रनिंग रूम हादसे में विजिलेंस जांच की मांग

PHOTON NEWS CKP : चक्रधरपुर रेल मंडल के सरडेगा स्थित एमसीएल रनिंग रूम में 23 अप्रैल को सुरक्षा की अनदेखी एक गंभीर हादसे का कारण बन चुका है। किचन में जर्जर सिलिंडर पाइप से गैस लीक होकर विस्फोट होने की घटना पूरे दक्षिण पूर्व रेलवे जोन में इन दिनों चर्चा का विषय बना हुआ है। इस बीच आज चक्रधरपुर के डीआरएम तरुण हुरिया ने सरडेगा स्थित रनिंग तुम पहुंच कर घटनास्थल का जायजा लिया। इसके साथ ही उन्होंने रनिंग रूम का किचन दूसरी जगह स्थानांतरित करने के निर्देश दिए। इस दौरान डीआरएम के साथ रेलवे बोर्ड के अधिकारी भी मौजूद थे। ज्ञात हो कि पिछले दिनों डीआरएम हुरिया ने पत्रकारों को बताया था कि इस घटना से जुड़े ठेकेदार समेत अन्य दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। लेकिन, अबतक इस मामले में किसी पर कोई कारवाई नहीं की गई है। यूनियन ने इस हादसे की जांच विजिलेंस से कराने की मांग रखी है।

डीएमएफटी फंड में हुआ बड़ा घोटाला : बड़कुंवर गागराई

CHAIBASA : पश्चिमी सिंहभूम जिला प्रशासन पर भाजपा के वरिष्ठ नेता सह पूर्व मंत्री बड़कुंवर गागराई ने डीएमएफटी फंड में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी और भ्रष्टाचार का आरोप लगाया है। बुधवार को चाईबासा स्थित अपने आवास पर पत्रकारों से गागराई ने कहा कि डिस्ट्रिक्ट मिनिरल फाउंडेशन ट्रस्ट के फंड को खर्च करने के लिए जो प्रावधान बनाए गए हैं उनका उल्लंघन करते हुए गुजरात के सिलवासा की कंपनी जियोलिन इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड को जिले के 890 प्राथमिक विद्यालयों को मॉडल प्राथमिक विद्यालय बनाने का कार्य आवंटित किया गया है। इस कंपनी को 40 करोड़ 81 लाख रुपये की राशि से प्रत्येक विद्यालय में आठ तरह के सामान और उपकरण की व्यवस्था करनी है। पूर्व मंत्री ने कहा कि जिला प्रशासन की ओर से जिला योजना शाखा को योजना के क्रियान्वयन की जिम्मेदारी सौंपी गई है, जो पूरी तरह गलत है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि प्रशासनिक पदाधिकारी और जन प्रतिनिधियों की सहमति से ही यह सारा खेल हो रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि बिना अखबार में विज्ञापन दिए यह टेंडर दिया गया है। जब इसकी पूरी जांच पड़ताल की गई तो जिला प्रशासन ने अखबार में विज्ञापन देने की बात कही, लेकिन अखबार का नाम नहीं बताया। इससे कई सवाल खड़े हो रहे हैं। उन्होंने इस मामले की पूरी जांच करने की बात कही है।

बड़कुंवर गागराई

आदित्यपुर रेलवे स्टेशन की डिप्टी सीटीआई की संदिग्ध हालात में मौत

JAMSHEDPUR : आदित्यपुर रेलवे स्टेशन में पदस्थापित डिप्टी सीटीआई प्रेम लता (52) की मंगलवार की रात संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। प्रेम लता के पति अनिल कुमार पोद्दार के अनुसार, रात करीब 10 बजे खाना खाने के बाद वह कुर्सी पर बैठकर आराम कर रही थीं, तभी उन्हें अचानक सांस लेने में तकलीफ होने लगी। घबराकर अनिल कुमार कार निकालने गए, लेकिन जब वे वापस लौटे तो देखा कि उनकी पत्नी बेसुध पड़ी हैं और मुंह से झाग निकल रहा है। आनन-फानन में एक पड़ोसी की मदद से वे उन्हें टीएमएच (टाटा मेन हॉस्पिटल) ले गए, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। प्रेम लता अपने परिवार के साथ रेलवे ट्रैफिक कॉलोनी में रहती थीं। बुधवार को पोस्टमार्टम के बाद पुलिस ने शव परिजनों को सौंप दिया। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है। पति अनिल कुमार ने बताया कि उन्हें अब तक मौत के स्पष्ट कारणों की जानकारी नहीं है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आने के बाद ही वास्तविक कारणों का खुलासा हो सकेगा।

जमशेदपुर से सटे गांवों को नगर निकाय बनाने का हो रहा विरोध

PHOTON NEWS JSR : जमशेदपुर के आसपास के गांव कीताडीह बागबेड़ा, छोटा गोविंदपुर, परसुडीह, घोड़ाबांधा आदि के ग्रामीण अपने ग्राम पंचायत को नगर निकाय नहीं बनने देना चाहते हैं। यहां के ग्रामीणों का कहना है कि अगर उनके क्षेत्र को नगर निकाय में बदल दिया गया तो उन्हें परेशानी का सामना करना पड़ेगा। एक ग्रामीण का कहना है कि जुगसलाई में घरों से कचरा एकत्र करने के लिए पैसा लिया जाता है। इसके अलावा, भारी भरकम होल्डिंग टैक्स लिया जाता है। अगर उनके क्षेत्र भी नगर निकाय में शामिल हो गए तो उन्हें यह सब शुल्क देने होंगे। इन ग्राम पंचायतों के मुखिया ने बुधवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को संबोधित ज्ञापन डीसी अनन्य मित्तल को सौंपा। इस ज्ञापन में मांग की गई है कि उनके क्षेत्र को ग्राम पंचायत ही बने रहने दिया जाए। उनके इलाकों को नगर निकाय नहीं बनाया जाए। इनका कहना है कि उनके क्षेत्र को नगर पंचायत में तब्दील करने की प्रक्रिया चल रही है। इस प्रक्रिया को रोका जाए।

डीसी ऑफिस पहुंचे विभिन्न पंचायतों के मुखिया ● फोटोन न्यूज

क्या है सरकार की मंशा

सरकार की मंशा है कि जमशेदपुर से सटे पंचायतों को नगर निकाय बनाया जाए। पहले यहां छोटा गोविंदपुर, गदड़ा, परसुडीह, बागबेड़ा आदि को मिलाकर एक नया नगर निकाय बनाने का प्रस्ताव था। लेकिन, अब सरकार सोच रही है कि जुगसलाई नगर परिषद के आसपास का क्षेत्र बागबेड़ा, कीताडीह आदि को जुगसलाई में ही जोड़ दिया जाए। गौरतलब है कि साल 2019 में नगर विकास विभाग ने जिला प्रशासन को शहर से सटी पंचायतों को नगर निकाय में तब्दील करने का प्रस्ताव भेजा था। ग्रामीण इलाकों में इसका विरोध हुआ था। इसके बाद प्रस्ताव ठंडे बस्ते में चला गया था।

मानगो में पायल टॉकीज रोड पर बनेंगे 17 पियर, फ्लाईओवर निर्माण में चल रहा है ड्रिल का काम

मानगो चौक से पारडीह की ओर 4 महीने तक बाधित रहेगा यातायात

MUJTABA RIZVI @ JSR : मानगो फ्लाईओवर का निर्माण तेज गति से चल रहा है। अब मानगो चौक से पारडीह जाने वाली पायल टॉकीज रोड पर पियर (पिलरनुमा ढांचा) बनाने की प्रक्रिया शुरू है। इस रोड पर 17 पियर बनाए जाएंगे। इसके लिए 12 ड्रिल की जा चुकी है। पांच जगह पर ड्रिल करना बाकी है। ड्रिलिंग का काम चल रहा है। माना जा रहा है कि एक महीने के अंदर ड्रिल का काम पूरा कर लिया जाएगा। इसके बाद पियर निर्माण शुरू होगा। पियर बन जाने के बाद पियर कैप बनाए जाएंगे। तब तक लगभग 4 महीने तक इस रोड पर यातायात बाधित रहेगा।

मानगो चौक से पायल टॉकिज जाने वाली रोड पर हो रहा निर्माण ● फोटोन न्यूज

कुछ दूर तक वन-वे रहेगी सड़क

पायल टॉकीज रोड पर जहां अभी ड्रिलिंग का काम चल रहा है, वहां लगभग 200 मीटर सड़क वन-वे है। सड़क बंद होने से यातायात में दिक्कत हो रही है। बच्चों के स्कूल आने जाने के समय पर और शाम को जाम की स्थिति हो जाती है। वाहन रेंग कर चलते हैं। एक ही लेन से दोनों तरफ के वाहनों का आवागमन होता है। पथ निर्माण विभाग के अधिकारियों का कहना है कि लगभग 4 महीने तक जब तक पियर कैप बनकर तैयार होने तक लोगों को ऐसी स्थिति का सामना करना पड़ेगा। एक बार मानगो फ्लाईओवर बन जाने के बाद हमेशा के लिए जाम की समस्या खत्म हो जाएगी।

ड्रिलिंग के बाद शुरू होगा पाइल फाउंडेशन का काम

मानगो फ्लाईओवर के निर्माण कार्य में लगी कंपनी के मैनेजर का कहना है कि पायल टॉकीज रोड पर अभी ड्रिलिंग का काम चल रहा है। ड्रिलिंग का काम पूरा होने के बाद पाइल फाउंडेशन बनाया जाएगा। पाइल फाउंडेशन के बाद पियर तैयार होंगे और फिर उनके ऊपर पियर कैप बनाया जाएगा।

किस रोड पर कितने पियर

मानगो फ्लाईओवर के निर्माण के लिए कुल 57 पियर बनाए जाएंगे। इनमें से 17 पियर मानगो चौक से पारडीह जाने वाले पायल टॉकीज रोड पर बनेंगे। मानगो चौक से ब्लू बेल्स स्कूल तक डिमना रोड पर 14 पियर बन चुके हैं। मानगो चौक से स्वर्णरेखा नदी की तरफ गांधी घाट के पास कुल 26 पियर बनाए जाएंगे। इधर भी पियर निर्माण का काम तेजी से चल रहा है। मानगो चौक से स्वर्णरेखा नदी की तरफ सड़क पर पियर का निर्माण बाकी है।

अगले साल तैयार हो जाएगा फ्लाईओवर

गौरतलब है कि मानगो के लोगों को जाम की समस्या से निजात दिलाने के लिए यहां 3 किलोमीटर 400 मीटर लंबा फ्लाईओवर का निर्माण चल रहा है। फ्लाईओवर का निर्माण इब्रा इस्कान और गुजरात की दिनेश चंद्र अग्रवाल की ज्वाइंट वेंचर वाली कंपनी कर रही है। इस ओवरब्रिज में 52 स्पान होंगे। माना जा रहा है कि फ्लाईओवर का काम अगले साल मार्च से पहले ही पूरा हो जाएगा।

अक्षय तृतीया को लेकर गंगा स्नान के लिए उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

अजगैबीनाथ गंगा तट पर गंगा स्नान करते श्रद्धालु

AGENCY BHAGALPUR : अक्षय तृतीया के बुधवार को जिले के सुल्तानगंज के अजगैबीनाथ गंगा तट पर गंगा स्नान करने के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। बिहार, झारखंड, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल सहित अन्य प्रदेशों से पहुंचे हजारों श्रद्धालुओं ने सुल्तानगंज के पवित्र उतरवाहिनी गंगा में आस्था की डुबकी लगाई। इसके बाद फल, फूल, मेवा और अक्षर धूप दीप से मां गंगा की पूजा अर्चना कर अपने और अपने परिवार की सुख शांति और समृद्धि की कामना की। साथ ही श्रद्धालुओं ने गंगा तट पर अवस्थित बाबा अजगैबीनाथ मंदिर में बेलपत्र, फूल, अक्षय धूप में नैवेद्य से पूजा अर्चना कर अपने और अपने परिवार की सुख शांति और समृद्धि की कामना की। बिहार झारखंड सहित अन्य प्रदेशों से पहुंचे हजारों श्रद्धालुओं ने गंगा तट पर अपने बच्चों का मुंडन संस्कार कराया और गंगा में पाठी दान कर पुण्य की भागी बने। गंगा स्नान करने वाले श्रद्धालु ने गंगा तट पर घड़ा, चावल, दाल, आलू वस्त्र इत्यादि चीज ब्राह्मण को दान किया। शास्त्रों के अनुसार अक्षय तृतीया के दिन भगवान विष्णु और माता लक्ष्मी की पूजा करने से व्यक्ति को धन समृद्धि और सुख की प्राप्ति होती है। यही कारण है कि हजारों श्रद्धालुओं की भीड़ गंगा तट पर गंगा स्नान को लेकर उमड़ी हुई है। वहीं हजारों श्रद्धालु गंगा स्नान के बाद गंगाजल भरकर बाबा बैद्यनाथ की नगरी देवघर के लिए वाहन से रवाना हुए।

BRIEF NEWS

सड़क दुर्घटना में एक की मौत, दूसरा गंभीर रूप से घायल

NAVADA : जिले के कौवाकोल थाने के योगाचक गांव के निकट बुधवार को मोटरसाइकिल ने बस में सीधी टक्कर मार दी। जिससे मोटरसाइकिल पर सवार एक युवक की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को ग्रामीणों के सहयोग से अस्पताल भेजा गया है। ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी है। लेकिन समाचार लिखे जाने तक पुलिस घटनास्थल पर नहीं पहुंच सकी है। प्रत्यक्ष दर्शियों ने बताया कि मृतक युवक की पहचान नहीं हो पाई है। ग्रामीणों ने बताया कि बस कौवाकोल से नवादा की ओर जा रही थी। इस बीच काफी रफ्तार में विपरीत दिशा से आ रही मोटरसाइकिल ने बस में सीधी टक्कर मार दी। जिससे बस भी क्षतिग्रस्त हो गई।

अग्नि अनुष्ठान से बच्चों का हो रहा इलाज

BHAGALPUR : भागलपुर के घंटाघर इलाके में इन दिनों एक मंदिर में पुजारी द्वारा बीमारी के इलाज का ऐसा तरीका अपनाया जा रहा है, जिसे देखकर लोग दंग हैं। दावा किया जा रहा है कि यहां कठिन बीमारियों का इलाज एक अनोखे अंदाज में किया जाता है। यहां बीमार बच्चों को कपड़े से ढक दिया जाता है और फिर पुजारी उनके ऊपर आग फेंकते हैं। स्थानीय मान्यता है कि इस अनोखे तरीके से वर्षों से चली आ रही बीमारियों का इलाज होता है। पुजारी का दावा है कि यह अग्नि अनुष्ठान एक पारंपरिक विधि है, जिसमें ईश्वर की कृपा और मंत्र शक्ति के जरिये रोगों का नाश होता है। बच्चों को कपड़े में पूरी तरह लपेटा जाता है, ताकि आग सीधे उनके शरीर को न छुए। इतना ही नहीं जब बच्चों के ऊपर आग फेंका जाता है तो बच्चे डर से रोने लगते हैं। इलाज कराने आए बच्चों के परिजन ने कहा कि हम लोग बरसों से यहां आ रहे हैं।

गायत्री महायज्ञ के दौरान नालंदा में उमड़ा जनसैलाब

NALANDA : नालंदा जिले के हरनौत प्रखंड अंतर्गत छतियाना गांव में आयोजित 24 कुण्डीय शक्ति संवर्धन गायत्री महायज्ञ में बुधवार को सामूहिक जप, ध्यान, देवपूजन, गायत्री महायज्ञ के साथ-साथ विभिन्न संस्कार संपन्न हुए। इस अवसर पर शांतिकुंज हरिद्वार से पधारी पांच सदस्यीय टोली ने युग संगीत और प्रवचन भी प्रस्तुत किया। यज्ञ मंडप की परिक्रमा करने के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी पड़ी। गौरतलब है कि आयोजन प्रज्ञा मंडल छतियाना द्वारा किया गया है। आयोजन समिति के संयोजक अजय कुमार सिंह, सह-संयोजक विनायक कुमार और सदस्य मुकेश कुमार ने बताया कि बुधवार को 6 गर्भवती माताओं का पुष्यवन संस्कार, 40 बच्चों का विद्यारंभ संस्कार, 2 बच्चों का मुंडन संस्कार, 25 श्रद्धालुओं का गुरु दीक्षा संस्कार, 5 बच्चों का अन्नप्राशन संस्कार और 5 बच्चों का नामकरण संस्कार संपन्न कराया गया है।

सीएम नीतीश कुमार ने अतिथिगृह के कमरों और अन्य भागों का लिया जायजा

मुख्यमंत्री ने बोधगया में नवनिर्मित महाबोधि अतिथिगृह का किया उद्घाटन

AGENCY PATNA : मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बुधवार को बोधगया में नवनिर्मित महाबोधि अतिथि गृह, का शिलापट्ट अनावरण कर एवं फीता काटकर उद्घाटन किया। उद्घाटन के बाद मुख्यमंत्री ने अतिथि गृह का निरीक्षण किया इस दौरान उन्होंने दूसरे और सातवें तल पर जाकर अतिथिगृह के कमरों एवं अन्य भागों का जायजा लिया और वहां की व्यवस्थाओं की जानकारी ली। आठ एकड़ में अंतर्राष्ट्रीय स्तर के बने अतिथि गृह में पर्यटकों के ठहरने के लिए 120 कमरे बनाये गये हैं। देश-विदेश से आनेवाले पर्यटकों की आवश्यकताओं और उनकी सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए इस अतिथिगृह का निर्माण कराया गया है। इस अतिथि भवन में पर्यटकों के लिए अंतर्राष्ट्रीय स्तर की सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। बोधगया में प्रतिवर्ष लाखों पर्यटक और श्रद्धालु पूजा-अर्चना के लिए लिए देश-विदेश से आते हैं, जिन्हें अब ठहरने में काफी सहूलियत होगी। महाबोधि अतिथिगृह में पत्रकारों से बात करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि बोधगया का अतिथिगृह काफी अच्छा बना है। हमलोग चाहते थे कि यहां अतिथि गृह का निर्माण कराया जाए। बहुत पहले हमने इसको लेकर योजना बनाई थी। यहां देश और विदेशों से भारी तादाद में पर्यटक आते हैं। जिनके ठहरने की व्यवस्था नहीं होने के कारण वे लोग महाबोधि मंदिर में दर्शन पूजन के बाद वापस लौट जाते थे। महाबोधि अतिथि गृह का निर्माण हो जाने से पर्यटकों को यहां ठहरने में काफी सहूलियत होगी।

अतिथि गृह का फीता काटकर उद्घाटन करते मुख्यमंत्री नीतीश कुमार

इसके पश्चात मुख्यमंत्री ने महाबोधि मंदिर में भगवान बुद्ध की पूजा अर्चना की। साथ ही उन्होंने बोधि वृक्ष की भी पूजा की और राज्य के सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना की। मुख्यमंत्री को बोधगया मंदिर प्रबंधन समिति द्वारा प्रतीक चिह्न एवं अंग वस्त्र भेंट किया गया। इसके बाद गया में मुख्यमंत्री ने बिहार लोक प्रशासन एवं ग्रामीण विकास संस्थान (बिपार्ड) में अवस्थित मेजर ध्यानचंद खेल परिसर का शिलापट्ट अनावरण कर एवं फीता काटकर उद्घाटन किया। इस दौरान स्वीमिंग पूल में खिलाड़ी ने तैराकी कर मुख्यमंत्री के समक्ष प्रदर्शन किया। मुख्यमंत्री ने 'खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025' के तहत होनेवाले मुकाबलों की तैयारियों का जायजा लिया और खेल ट्रैक तथा खेल मैदान में खिलाड़ियों को उपलब्ध कराए जानेवाली सुविधाओं की जानकारी ली।

● महाबोधि अतिथि गृह

मुख्यमंत्री ने 'खेलो इंडिया यूथ गेम्स-2025' के शुभंकर का अनावरण किया। महाराष्ट्र के एक खिलाड़ी ने मुख्यमंत्री के समक्ष मलखम्ब खेल का प्रदर्शन किया। साथ ही 11 वर्ष के एक बच्चे और बच्ची ने योग करतब का प्रदर्शन किया। मुख्यमंत्री ने खिलाड़ियों के प्रदर्शन की सराहना की और उनका उत्साहवर्द्धन किया। मुख्यमंत्री ने खिलाड़ियों से बातचीत के दौरान कहा कि आप लोग मन लगाकर अभ्यास करें और प्रतियोगिता के दौरान खेल भावना के साथ अपने खेलों में बेहतर प्रदर्शन करें।

सुबह-सुबह शराब पीकर स्कूल पहुंचे हेडमास्टर को पुलिस ने किया गिरफ्तार

EAST CHAMPARAN : सुबह-सुबह ही शराब पीकर स्कूल पहुंचे हेडमास्टर को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। मामला कुड़वाचैनपुर थाना क्षेत्र के उत्क्रमित मध्य विद्यालय खरुही का है। शराब पीकर लड़खड़ाते पांव और बड़बडाते जुबान के साथ स्कूल पहुंचे हेड मास्टर बच्चो और शिक्षको के सामने हंगामा करने लगे, जिसकी सूचना बच्चों ने अपने अभिभावकों को दी और फिर अभिभावकों ने पुलिस को इस मामले की जानकारी दी, जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने कुड़वाचैनपुर थाना क्षेत्र के उत्क्रमित मध्य विद्यालय खरुही के हेडमास्टर ढाका थाना क्षेत्र के विशंभरपुर निवासी रामस्वार्थ महतो को गिरफ्तार कर लिया। शिक्षा की अलख जगाने वाले और लोगो को शराबबंदी का शपथ दिलाने वाले हेडमास्टर की इस कारनामें की चर्चा पूरे जिले में हो रही है। पुलिस ने गिरफ्तारी के बाद हेडमास्टर का मेडिकल जांच करवाया, जिसमें शराब पीने की पुष्टि हो चुकी है और अब उनके ऊपर अग्रतर कार्रवाई की जा रही है।

नालंदा सदर अस्पताल से ठेला पर शव ले जाने के मामले में डीएम ने की कार्रवाई

AGENCY NALANDA : ठेला पर शव ले जाने संबंधित मामला उजागर होने पर और सदर अस्पताल द्वारा शव वाहन उपलब्ध नहीं कराए जाने के पर डीएम ने कड़ा संज्ञान लेते हुए कारवाई का निर्देश जारी किया है। डीएम के निर्देश के आलोक में आज बुधवार को अनुमंडल पदाधिकारी बिहार शरीफ एवं सुश्री कृष्ण जोशी,सहायक समाहर्ता नालंदा ने सदर अस्पताल की गहन जांच की। जांच के दौरान बताया गया कि सदर अस्पताल में दो शव वाहन उपलब्ध हैं,जहां एक वाहन को एसीयू के द्वारा बिना अस्पताल प्रशासन के अनुमति के दूसरे जिला में भेजा गया है और दूसरा मरम्मती के अभाव में बेकार पड़ा है। इस संबंध में संबंधित एसीयू के अधिकारियों से स्पष्टीकरण तलब किया गया है।

'आपका शहर, आपकी बात' कार्यक्रम में नागरिकों ने रखी अपनी मांग

AGENCY NALANDA : नालंदा जिला मुख्यालय स्थित नगर निगम के कार्यालय सभागार मे आज बुधवार को आयोजित आपका शहर आपकी बात कार्यक्रम अंतर्गत वार्ड संख्या 50 के लंगड़िया बीघा में संदीप कुमार भारती, नालंदा की अध्यक्षता में बिहारशरीफ नागरिकों के साथ नागरिक सुविधाओं की उपलब्धता हेतु मुहल्ला सभा का आयोजन किया गया है।

इस संबंध में नगर निगम एवं आवास विभाग बिहार के निदेशानुसार नगर निगम एवं नगर निकायों (निगम एवं परिषद) के विस्तारित क्षेत्रों के नागरिकों को विभाग द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ प्रदान करने हेतु आम नागरिकों से उनका मंतव्य प्राप्त करने के उद्देश्य से आपका शहर आपकी बात कार्यक्रम की जाती है। इस अवसर पर मुहल्ले के नागरिकों ने अपने क्षेत्र में विकास के लिए आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु अनेकों बातें रखी है। जिसमें मुख्यतः पेयजल के लिए हर घर नल का जल योजना का पूरे वार्ड में विस्तार किया जाना है।

पूरे क्षेत्र में जल निकास हेतु नाला का निर्माण कार्य पर बिशेष जोर दिया गया है। साथ हीं सामुदायिक स्तर पर कार्यक्रम किये जाने हेतु सामुदायिक भवन की निर्माण। चौक चौराहे पर रौशनी की व्यवस्था के साथ सा वार्ड 50 में बिजली के खुले तारों को कवर वाले तारों से बदला जाना संबंधित प्रस्ताव रखे गये।

डीएम ने 6 लाभुकों को प्रदान की एक-एक लाख रुपये की सहायता राशि

ARARIA : डीएम अनिल कुमार द्वारा मुख्यमंत्री अंतजार्तीय विवाह प्रोत्साहन अनुदान योजना के तहत 03 लाभुकों को बुधवार को एक एक लाख रुपए की सहायता राशि प्रदान की।स्मिता स्मिथ, रानो कुमारी, सजल श्रद्धा को डीएम ने एक-एक लाख रुपए की सावधि जमा प्रदान की। मौके पर डीएम ने बताया कि समाज में व्याप्त जाति बंधनों को तोड़ने के उद्देश्य से समाज कल्याण विभाग के सामाजिक सुरक्षा निदेशालय के द्वारा मुख्यमंत्री अन्तजार्तीय विवाह प्रोत्साहन अनुदान योजना का संचालन किया जाता है। इस योजना के तहत अपने जाति से इतर किसी दूसरे जाति में विवाह करने पर सरकार के द्वारा एक लाख रुपए की प्रोत्साहन राशि सावधि जमा के रूप में प्रदान की जाती है।

व्यवसायी के पुत्र की गोली मारकर हत्या, आक्रोशितों ने किया प्रदर्शन

AGENCY ARARIA : जिले के फुलकाहा थाना क्षेत्र में कपड़ा व्यवसायी अशोक गुप्ता के 20 साल के पुत्र दीपक कुमार गुप्ता उर्फ दीपू की गोली मारकर हत्या कर दी गयी। उसका शव बुधवार को बरामद हुआ।दीपक कुमार गुप्ता उर्फ दीपू मंगलवार शाम से ही घर से लापता था और परिजन ने उन्हें खोजने की काफी कोशिश की,लेकिन उसका कोई अता पता नहीं चल पाया और बुधवार को नरपतगंज अचरा मुख्य सड़क मार्ग में खून से लथपथ उनका शव मिला। स्थानीय लोगों ने पुलिस को सड़क के किनारे शव पड़े होने की सूचना दी, जिसके बाद मौके पर पहुंची फुलकाहा थाना पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए अररिया सदर अस्पताल भेजा। इधर घटना की सूचना जैसे ही फुलकाहा बाजार के ग्रामीणों और दुकानदारों को मिली। लोगों ने आक्रोश में घटना के खिलाफ प्रदर्शन किया। बाजार को बंद कर सड़क जाम करते हुए आवागमन को ठप्प कर दिया और सड़क पर आगजनी कर विरोध जताया। मृतक दीपक कुमार गुप्ता उर्फ दीपू नवाबगंज पंचायत के फुलकाहा बाजार का रहने वाला था और अपने माता पिता का इकलौता बेटा था। मौके पर पहुंची फुलकाहा थानाध्यक्ष ने प्राथमिकी जांच में युवक की कनपटी में गोली मारकर हत्या करने की बात कही। सूचना के बाद मौके पर फारबिसगंज एसडीपीओ मुकेश कुमार साहा समेत कई थाना की पुलिस पहुंची।

साइबर अपराधियों पर नकेल कसने की तैयारी

बैंक में फर्जी खाता रखा है तो हो जाएं सावधान, एक्शन मोड में डीजीपी

AGENCY PATNA : राज्य के डीजीपी विनय कुमार ने साइबर अपराधियों पर नकेल कसने की तैयारी में हैं। साइबर अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए उन्होंने विशेष अभियान चलाने का निर्देश दिया है। उन्होंने फर्जी बैंक खातों की पहचान कर जल्द से जल्द कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। डीजीपी ने साइबर थानाध्यक्षों से मामले को गंभीरता से दर्ज करने, साइबर अपराधियों के मोडस ऑपरेंडी की सूची बनाने और साइबर जागरूकता अभियान चलाने का निर्देश दिया ताकि साइबर अपराधों पर रोक लगाई जा सके।

साइबर क्राइम की खबरों को लें गंभीरता से

डीजीपी की अध्यक्षता में आर्थिक अपराध इकाई (ईओयू) के सभा कक्ष में सभी साइबर थानों के पुलिस उपाधीक्षक सह थानाध्यक्ष के साथ समीक्षा बैठक की गई। इस बैठक में ईओयू के एडीजी नैयर हसनैन खान के साथ कई वरीय पुलिस अधिकारी भी उपस्थित थे। डीजीपी ने साइबर थानाध्यक्षों को निर्देश दिया कि हर हाल में साइबर अपराध से संबंधित मामलों को गंभीरता से दर्ज किया जाए। साइबर अपराधियों के मोडस ऑपरेंडी की सूची बनाकर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। वैसे संदिग्ध बैंक खाते जिसमें लगातार भारी मात्रा में पैसे का लेन-देन हो रहा है, उनका सत्यापन कर कार्रवाई की जाए।

हर स्तर पर मामले की जांच का निर्देश

डीजीपी ने कहा कि साइबर मामलों के अनुसंधान में तेजी लाई जाए और लंबित मामलों का बोझ कम किया जाए। साइबर जागरूकता अभियान नियमित रूप से चलाया जाए। डिजिटल अरेस्ट, चारधाम यात्रा में बुकिंग के नाम पर साइबर ठगी के ट्रेंड जैसे अन्य सभी साइबर अपराधों में कार्रवाई कर ऐसे अपराधों पर रोक लगाई जाए। थाने पर साइबर अपराध की हर सूचना पर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। समीक्षा बैठक में डीजीपी और एडीजी ने निर्देश दिया कि एनसीआरपी पोर्टल पर दर्ज शिकायतों की तुलना में हाथों हाथ मिले आवेदन पर हुई प्राथमिकी की जांच साइबर थानों में की जाए। वरीय अधिकारी लगातार साइबर थानों के कार्यों की गुणवत्ता में सुधार लाने के लिए निरीक्षण करें।

साड़ी चुराती महिलाओं का वीडियो वायरल छानबीन में जुटी पुलिस

BHAGALPUR : इन दिनों भागलपुर जिले में सोशल मीडिया पर एक सीसीटीवी फुटेज काफी तेजी से वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में देखा जा सकता है कि किस तरह से तीन महिला जिले के सुल्तानगंज के अब्जूगंज स्थित एक कपड़े की दुकान में पहुंचती है और दुकानदार से साड़ी दिखाने की बात कहती है। महिलाएं दुकानदार को अलग-अलग साड़ी दिखाने की बात में उलझाए रखती है। इसी बीच एक महिला जिसके गोद में बच्चा रहता है काफी तेजी से साड़ी के एक बंडल को अपने शरीर के अंदर छुपा लेती है। फिर बातों बातों में ही दुकान से रफूचक्कर हो जाती है। दुकानदार को जब इस बात का एहसास होता है तो वह सीसीटीवी फुटेज चेक करता है और उसके बाद उसे महिलाओं के करतूत की जानकारी मिलती है।

पुस्तक पाकर छात्रों ने कहा, थैंक्यू एसीएस सर

AGENCY BHAGALPUR : विभागीय आदेशानुसार जिले के मध्य विद्यालय जगदीशपुर में बुधवार को ग्राम पंचायत जगदीशपुर की मुखिया लालमती देवी की अध्यक्षता में अभिभावकों की उपस्थिति में नये सत्र का पाठ्य पुस्तक वितरण किया गया। नये पाठ्य पुस्तक मिलने पर छात्रों के चहरे खिल उठे, सभी ने एक साथ शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव को थैंक्स कहा। इस अवसर पर मुखिया ने सभी अभिभावक से कहा कि सभी समय पर प्रत्येक दिन पोशाक में बच्चों को विद्यालय भेजें, जिससे वे अच्छी शिक्षा ग्रहण करते हुए सरकारी योजना का लाभ उठा सके। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक आशुतोष चन्द्र मिश्र ने पुस्तक को सुरक्षित रखने के लिए छात्रों के साथ मिलकर पुस्तक पर कवर लगाया। इस कार्यक्रम में शिक्षिका बीबी नाहिदा, नवल किशोर पंजियारा, प्रतिमा मिश्रा, मुरली कुमार मंडल, भारती कुमारी, पुष्पलता कुमारी, मिनाक्षी कुमारी सहित अभिभावक उपस्थित थे।

वन विभाग की आधारहीन चिंता

बड़ी मुश्किल से 17 साल बाद हिमाचल प्रदेश सरकार जागी, तो वन विभाग नाहक ही चिंता ग्रस्त हो गया। वन अधिकार कानून 2006 दो साल बाद दो हजार आठ में अधिसूचित होने के बाबजूद आज तक लागू किए जाने को तरस रहा था। यह कानून संसद द्वारा वनवासी और अन्य वननिर्भर समुदायों के प्रति ब्रिटिश हुकूमत में किए गए ऐतिहासिक अन्याय को दूर करने के लिए इन समुदायों की वनों पर निर्भरता को ध्यान में रखते हुए वनों पर कानूनी रूप में कुछ अधिकार देने की बात करता है, जिसमें 2005 की 13 जनवरी से पहले यदि आजीविका के लिए वन भूमि का प्रयोग किया जा रहा है या आवास और पशुशाला आदि बनाई है तो उतनी वन भूमि पर आदिवासी और अन्य वन निर्भर समुदायों को इस्तेमाल का हक प्रदान करने का प्रावधान किया गया है। इसके अलावा सामुदायिक रूप से वनों में जो बरतनदारी हक, परंपरा से इन समुदायों को छूट के रूप में प्राप्त है, उन्हें कानूनी अधिकार के रूप में दिए जाने का प्रावधान है। बरतनदारी में वनों के प्रबंधन की जिम्मेदारी देने के साथ इनके संरक्षण संवर्धन का कर्तव्य भी निर्धारित किया गया है। स्थानीय विकास के लिए जरूरी वन भूमि के हस्तांतरण की प्रक्रिया भी वन संरक्षण अधिनियम की लंबी प्रक्रिया से बाहर निकाल कर इस कानून के तहत आसान की गई है, जिसके लिए दिल्ली की ओर देखने की जरूरत नहीं बल्कि वन अधिकार समिति की संस्तुति से वन मंडल अधिकारी के स्तर पर ही एक हेक्टेयर तक भूमि का स्थानीय विकास की 13 मदों के लिए हस्तांतरण किया जा सकता है बशर्ते उसमें 75 से ज्यादा पेड़ न आते हों। इस तरह यह कानून न केवल आदिवासी और अन्य वन निर्भर समुदायों की आजीविका का संरक्षण करता है, बल्कि वन संरक्षण कार्य में स्थानीय जन सहयोग को बढ़ा कर वन संरक्षण कार्य को भी मजबूत करता है। स्वयं वन विभाग भी वन संरक्षण में जन सहयोग के लिए साझा वन योजना जैसे प्रयोग सफलता पूर्वक कर चुका है। हालांकि यह प्रयोग अनमने भाव से ही किए गए थे फिर भी परिणाम उत्साह वर्धक रहे हैं। इसलिए कोई कारण नहीं है कि उक्त अधिनियम के अंतर्गत कानूनी तौर पर प्रबंधन के अधिकार मिलने पर, समुदाय कामयाब नहीं होगा, बल्कि कानूनी तौर पर पूर्ण सशक्त होने पर सामुदायिक प्रबन्धन बहुत सफल होगा। आखिर पंचायतों को भी जब संवैधानिक संस्था का दर्जा दिया गया तो सारा कार्य सफलता पूर्वक संभाल ही रही हैं। फिर किसी को खुली छूट भी तो दी नहीं जा रही है, बल्कि वन प्रबंधन समितियों को नियम कानूनों के प्रति जवाबदेह बनाने की व्यवस्था है। पिछले दिनों जब हिमाचल प्रदेश सरकार ने जनजाति विकासमंत्री जगत सिंह नेगी के नेतृत्व में वन अधिकार कानून को लागू करने के लिए मिशन मोड में कार्य शुरू किया तो वन विभाग सकते में आ गया। एक पत्र जिलाधीशों, मुख्य अरण्यपालों और वन मंडल अधिकारियों को जारी किया गया, जिसमें तथाकथित दिशा-निदेर्शों की बात की गई है, जबकि कानून को लागू करने का काम वन अधिकार अधिनियम के तहत जनजातीय विभाग को सौंपा गया है। वन विभाग का काम केवल साझा निरीक्षण में हाजिर होना है या उपमंडल समितियों और जिला स्तरीय समितियों में सहयोग देना है। दिशा-निर्देश तो पहले ही एक्ट, नियम और केंद्रीय दिशा निदेर्शों के रूप में आ चुके हैं। अब सवाल यह पैदा होता है कि इस समय, जब सरकार इस कानून को लागू करने के प्रति गंभीरता से काम करने जा रही है, तो विभाग की ओर से यह पत्र क्यों जारी किया गया। सत्रह साल तक विभाग को यह याद क्यों नहीं आई। फिर वीडियोग्राफी करने और सैटेलाइट फोटो का प्रयोग करने के सुझाव क्यों दिए गए, जबकि एक्ट में उनका कोई जिक्र नहीं है। इससे साफ यह शक जाहिर होता है कि वन विभाग अब फिर इस कानून को लागू करने के काम में अड़ंगा लगाना चाहता है। पत्र में कोनिफर पेड़ों की ही चिंता जाहिर की गई है यानी टिंबर देने वाले पेड़ ही इनके लिए पेड़ हैं। ऊंचाई पर भी क्लाइमेक्स जंगल में तो बान, बुरांस, खरशु, मोहरू, चिरन्दी जैसे अनेक वृक्ष प्रजातियां हैं। उनको तो ये लोग कोयला जलाने के लिए काट कर खुद नष्ट करते रहे हैं और उनके रोपण की भी कोई कोशिश नहीं की जाती थी। अभी कुछ वर्षों से ही ये प्रयास शुरू हुए हैं। अभी भी कितना सफल होते हैं पता नहीं। शिवालिक के सघन मिश्रित वनों को गर्डलिंग करके सुखाया गया और चीड़ के वनों में बदल दिया गया। यह काम सुधार वानिकी के नाम पर किया गया। इसी कारण वन्य प्राणी जंगली फलों और चारे के अभाव में खेतों में अत्यधिक नुकसान करने लग गए हैं, जिससे स्थानीय आजीविका का कितना नुकसान हुआ इसका आकलन तक नहीं किया गया है। असल में ये लोग अभी तक भी उपनिवेशवादी मानसिकता से बाहर नहीं निकल पाए हैं। जंगल पोलिसिंग से नहीं बचे हैं लोगों के सहयोग और जागरुकता से बचे हैं। उपनिवेशवादी प्रबंधन ने ही लोगों को वनों से दूर किया था। उनको फिर से वनों के साथ जोड़ने का यह कानून मौका देता है, जिसका लाभ होगा। डरने की जरूरत नहीं, बल्कि मिलकर बेहतर वन प्रबंधन विकसित करने पर ध्यान देने की जरूरत है। वन विभाग यदि अपनी विशेषज्ञता का उपयोग आने वाले समय में आजीविका वानिकी की ओर करे तो बेहतर होगा। ऐसे वन जो बिना काटे रोजी रोटी दे सकें, वही संरक्षित पर्यावरण की गारंटी हैं। टिंबर देने वाले पेड़ तो कट कर ही कुछ दे सकते हैं।

जम्मू-कश्मीर : कौन सा भारत बना रहे हम

ANALYSIS

डॉ. मयंक चतुर्वेदी

अब पहलगाम हमला पार्ट-2 है, जिसे 22 अप्रैल 2025 को 26 लोगों की जान लेकर अंजाम दिया गया है और कई घायल हैं। हमले की जिम्मेदारी लश्कर-ए-तैयबा के फ्रंट ग्रुप द रेसिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) ने ली है, जो पाकिस्तान का आतंकी संगठन है। टीआरएफ जम्मू-कश्मीर में सक्रिय है और भारत इसे पहले ही आतंकवादी संगठन घोषित कर चुका है। यह गुट 2019 में तब सामने आया था, जब जम्मू-कश्मीर से आर्टिकल 370 हटाया था। टीआरएफ ने अब तक सुरक्षाकर्मियों और आम लोगों पर कई हमले किए हैं, जिनमें 2020 में भाजपा नेता और उनके परिवार की हत्या के साथ 2023 में पुलवामा में कश्मीरी पंडित संजय शर्मा की हत्या भी शामिल है। साल 2019 के पुलवामा हमले में भी टीआरएफ का नाम आया था। आज न जाने कितने टीआरएफ जैसे आतंकी संगठन भारत में पल रहे हैं। देखने में यही आता है कि इनके निशाने पर गैर मुसलमान खासकर हिंदू रहते हैं। आखिर हिंदुओं को ही क्यों टारगेट किया जाता है। जो लोग आज इसे हमला पार्ट-2 कह रहे हैं, उन्हें भी समझ लेना चाहिए कि यह कोई एक, दो, तीन, चार, पांच या अन्य जिसे गिनतियों में समाहित किया जा सके, वह जिहादी या गैर-मुसलमानों के प्रति चलनेवाला अभियान (पार्ट) नहीं है।

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले ने अंदर तक झकझोर दिया है। कहने को कहा जा रहा है कि विदेशी साजिश थी, पाकिस्तान का हाथ था, लेकिन यह हाथ घर के अंदर आया कैसे। घर के भी कोई अपने थे, जो इस पूरे आतंकवादी घटनाक्रम में शामिल हैं। इंटेलिजेंस इनपुट कह रहा है कि छह आतंकियों में से तीन भारत के नागरिक थे, जिन्होंने विदेशी इस्लामिक आतंकवादियों के साथ मिलकर हिंदुओं का खून बहाया है। घटना के बाद से मीडिया में कई रिपोर्ट आई हैं, जिनमें से अनेकों में इस बात को दोहराया गया है कि पुलवामा हमला पार्ट-1 था, जो 14 फरवरी 2019 को हुआ था, जिसमें 40 भारतीय सुरक्षा कर्मियों की जान गई थी। इस हमले की जिम्मेदारी पाकिस्तान स्थित आतंकवादी संगठन जैश-ए-मोहम्मद ने ली थी। अब पहलगाम हमला पार्ट-2 है, जिसे 22 अप्रैल 2025 को 26 लोगों की जान लेकर अंजाम दिया गया है और कई घायल हैं। हमले की जिम्मेदारी लश्कर-ए-तैयबा के फ्रंट ग्रुप द रेसिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) ने ली है, जो पाकिस्तान का आतंकी संगठन है। टीआरएफ जम्मू-कश्मीर में सक्रिय है और भारत इसे पहले ही आतंकवादी संगठन घोषित कर चुका है। यह गुट 2019 में तब सामने आया था, जब जम्मू-कश्मीर से आर्टिकल 370 हटाया था। टीआरएफ ने अब तक सुरक्षाकर्मियों और आम लोगों पर कई हमले किए हैं, जिनमें 2020 में भाजपा नेता और उनके परिवार की हत्या के साथ 2023 में पुलवामा में कश्मीरी पंडित संजय शर्मा की हत्या भी शामिल है। साल 2019 के पुलवामा हमले में भी टीआरएफ का नाम आया था। आज न जाने कितने टीआरएफ जैसे आतंकी संगठन भारत में पल रहे हैं। देखने में यही आता है कि इनके निशाने पर गैर मुसलमान खासकर हिंदू रहते हैं। आखिर हिंदुओं को ही क्यों टारगेट किया जाता है। जो

लोग आज इसे हमला पार्ट-2 कह रहे हैं, उन्हें भी समझ लेना चाहिए कि यह कोई एक, दो, तीन, चार, पांच या अन्य जिसे गिनतियों में समाहित किया जा सके, वह जिहादी या गैर-मुसलमानों के प्रति चलनेवाला अभियान (पार्ट) नहीं है। भारत में मोहम्मद बिन कासिम से लेकर अब तक अनेक आक्रमण हो चुके हैं। इतिहास में मुहम्मद बिन कासिम के बाद 10वीं शताब्दी से तुर्क आक्रमण शुरू हुए, जिनमें महमूद गजनवी, मुहम्मद गोरी, बाबर, तैमूर लंग, अलाउद्दीन खिलजी जैसे अंध जिहादियों के आक्रमण प्रमुख हैं। भारत पर पहली बार मुस्लिम आक्रमण 712 ईसवी में हुआ था, तब से लेकर अब तक 1337 साल गुजर चुके हैं, इतने दिनों में सांस्कृतिक भारत कई हिस्सों में बंट चुका है। भारतीय उपमहाद्वीप के अनेक देश इसके प्रमाण हैं, पीढ़ियों के स्तर पर भारत आज अपनी 45 पीढ़ियां औसतन पार कर चुका है, उसके बाद भी शेष भारत और यहां का ज्यादातर बहुसंख्यक समाज (हिंदू) है, वह समझना ही नहीं चाहता कि आखिर ये इस्लामिक जिहादी घटनाएं बार-बार क्यों हो रही हैं। क्यों मजहब के नाम पर अलग देश लेने के बाद भी ये रुकने का नाम नहीं लेतीं। इसी संदर्भ में यह ऐतिहासिक प्रसंग है, जिसके मर्म को सभी को समझना चाहिए, जब भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अध्यक्ष रहे मौलाना मुहम्मद अली ने सार्वजनिक रूप से कहा था कि अपने मजहब और अकीदे के मुताबिक मैं एक गिरे से गिरे और बदकार मुसलमान को भी महात्मा गांधी से बेहतर समझता हूं। यह चर्चित घटना 1924 की है, जिस का विवरण डॉ. आंबेडकर ने अपनी पुस्तक पाकिस्तान और पार्टिशन आफ इंडिया (1940) में दिया है। पूछने पर मौलाना ने अपनी बात को बार-बार दोहरा कर कहा, ताकि गलतफहमी न रहे। समझने के लिए यहां इतना जान लें कि मौलाना मुहम्मद अली बड़े प्रतिष्ठित आलिम थे और गांधीजी के अन्यतम सहयोगी भी रहे थे। इससे भी मौलाना की संजीदगी समझी जा सकती है। मौलाना ने अपने रिलीजन का केंद्रीय तत्व बड़ी सुंदरता से रखा था, जहां आचरण नहीं, विश्वास मुख्य है। इसी से अभी भारत, इजराइल, सीरिया, ईराक, युरोप के देशों में तबाही कर रहे लश्कर-ए-तैयबा, पासबान-इ-अहले हदीस, जैश-ए-मोहम्मद, तहरीक-ए-फुरकान, हरकत-उल-मुजाहिदीन, हरकत उल-अंसार, हिजबुल मुजाहिदीन, अल-उमर मुजाहिदीन, जम्मू एंड कश्मीर इस्लामिक फ्रंट, अल-बद्र, जमात-उल-मुजाहिदीन, अल-कायदा, दुख़्तरान-ए-मिल्लत, इंडियन मुजाहिदीन, इस्लामिक स्टेट आफ इराक एंड द लेवेंट, जमात-उल-मुजाहिदीन, इस्लामी स्टेट (आईएसआईएस), बोको हरम, तालिबान या लश्करे-तोयबा आदि संगठनों के कामों का भी सही वर्गीकरण कर लेना चाहिए। वे सिरफिरे नहीं हैं, वे बेकार में हिंसा नहीं कर रहे हैं, उनका मकसद साफ है। जैसा भ्रमवश या लोगों को भुलावे में रखने के लिए कह दिया जाता है कि आतंकवादी का कोई मजहब या धर्म नहीं होता, वे उतने ही मुसलमान हैं, इसलिए किसी मुसलमान के लिए गांधीजी जैसे गैर-मुस्लिमों से अधिक अपने हैं। जिहादी, आतंकवाद के संदर्भ में इस सत्य को ठीक से समझकर ही भारत पर हो रहे राजनीतिक, आध्यात्मिक, अन्य हिंसात्मक, लव जिहाद, लैंड जिहाद जैसे अनेक प्रकार के आक्रमणों को समझा जा सकता है। ईसाइयत और इस्लाम की वैसी मान्यताओं के ठीक विपरीत हिंदू धर्म किसी मतवाद, विश्वास आदि को धर्म का आधार नहीं मानता। इसीलिए हिंदू धर्म उस तरह सामाजिक-राजनीतिक और हिंसक रूप से संगठित धर्म या मत, पंथ नहीं है, जो अपनी और दूसरों की गिनती आदि का ध्यान रखते हुए धर्म (मजहब) की चिंता कर सके। यह इस की कठिनाई भी है, जो इस पर इस्लाम अथवा ईसायत के संगठित आक्रमणों को अपेक्षाकृत आसान बनाती रही है अर्थात हिंदू धर्म की विशेषता एक विशेष परिस्थिति में इसकी दुर्बलता भी बनी रही है। इसी कारण लगातार हिंदू धर्म अरक्षित भी हो रहा है। इसकी इमारत किसी मत-विश्वास पर नहीं, बल्कि सृष्टि मात्र के साथ संबंध पर आधारित है। रिलीजन वाले मतवाद अपने आसपास बाड़ा बनाते हैं। जो उस के भीतर हैं वे अपने हैं और बाकी सब गैर और प्रायः शत्रु भी माने जाते हैं। लेकिन चूंकि हिंदू धर्म ऐसे बाड़े नहीं बनाता और किसी को गैर नहीं मानता। इसी से वह अकेला और अरक्षित भी रह जाता है। मत-विश्वास पर संगठित नहीं होने के कारण उस के अनुयायी आक्रामक रिलीजनों के प्रहार के सामने असहाय हो जाते हैं। जैसे कश्मीरी हिंदू असहाय मारे गए और अपने ही देश में विस्थापित, शरणार्थी बनने को विवश हुए। यह स्वतंत्र भारत में हुआ, पश्चिम बंगाल, समेत कई राज्यों में निरंतर हो रहा है। आज पहलगाम के आतंकवादी हमले में भी वही हुआ है और हिंदुओं को चुन-चुन कर नाम पूछ कर मार दिया गया है। कहना होगा और यही सत्य भी है। वस्तुतः आज जो भारत में घट रहा है, वह दुनिया पर कब्जे की नीति रखने वाले, संगठित धर्मांतरणकारी रिलीजनों को हिंदू धर्म के बराबर कह कर भारत को पिछले कई सौ साल से निरंतर विखंडन के लिए खुला छोड़ दिये जाने का परिणाम है। क्या हम इसे पहचानने से भी इनकार करते रहेंगे संदर्भ पुस्तक : आध्यात्मिक आक्रमण और घर वापसी (शंकर शरण-विजय कुमार) वास्तव में जब तक भारत के मदरसों एवं अन्य जगह दीनी तालीम के नाम पर, कभी अल्लाह, कभी रसूल, फिर कभी जिहाद के लिए और नफरत फैलाने वाले पाठ पढ़ाये जाते रहेंगे, तब तक भारत में आगे भी गैर मुसलमान (हिंदू एवं अन्य) इसी तरह से मारे जाते रहेंगे।

अश्वत्थामा शापित नहीं, बल्कि सप्तर्षि

बीते वर्ष कल्कि-2898 एडी नामक फिल्म प्रदर्शित हुई। इस काल्पनिक कथा में अमिताभ बच्चन ने अश्वत्थामा का पात्र निभाया है। साथ ही शाहिद कपूर की अश्वत्थामा फिल्म भी निमार्णाधीन है। इन फिल्मों के माध्यम से महाभारत में खलनायक के रूप में चित्रित अश्वत्थामा एक बार फिर चर्चा में आ गए हैं। भारत में जब से न्यूज चैनल शुरू हुए हैं, लगभग हर हिंदी चैनल ने मध्यप्रदेश की नर्मदा नदी के किनारे या असीरगढ़ किले के मंदिर में पूजा करने वाले अश्वत्थामा पर स्टोरी दिखाई है। इसलिए यह कहना गलत नहीं होगा कि महाभारत के 5000 वर्ष बाद भी यदि श्रीकृष्ण, कौरव और पांडवों के अलावा कोई सबसे चर्चित पात्र है तो वह अश्वत्थामा है। मौजूदा समय में अधिकतर लोगों को अश्वत्थामा की पहली पहचान अपने घर के बड़ों द्वारा बोले जाने वाले सप्त चिरंजीवियों के श्लोक से हुई होगी। घर के धार्मिक वातावरण वाले दादा-दादी या नाना-नानी अपने नाती-पोतों से यह श्लोक जरूर बुलवाते थे- अश्वत्थामा बलिव्यासो हनुमांश्च विभीषणः। कृपः परशुरामश्च सप्तैते चिरंजीविनः॥ सप्तैतान् संस्मरेन्नित्यं मार्कण्डेयमथाष्टमम्। जीवेद्वर्षशतं सोऽपि सर्वव्याधिविवर्जितः॥ इस श्लोक के भावानुसार, जो व्यक्ति प्रतिदिन इन सात चिरंजीवियों और आठवें ऋषि मार्कंडेय का स्मरण करता है, वह दीघार्यु और रोगमुक्त रहता है। अब प्रश्न उठता है- जो स्वयं घायल है, वह दूसरों को निरोग कैसे बना सकता है। यह विचार अपने आप यह सिद्ध करता है कि अश्वत्थामा के माथे पर नासूर बनी चोट केवल एक कल्पना है, क्योंकि यदि वह सचमुच घायल होता, तो श्लोक लिखने वाला उसे चिरंजीवियों की सूची में न रखता। यह पहला तार्किक विचार है। वही गोवर्धन के क्रियायोग गुरु शैलेंद्र शर्मा अपने गहन अध्ययन के आधार पर अश्वत्थामा की एक अलग ही कहानी बताते हैं। शास्त्रों और धर्मग्रंथों का अध्ययन करने के बाद गुरुजी ने निष्कर्ष निकाला कि अश्वत्थामा केवल सप्त चिरंजीवी नहीं, बल्कि शापमुक्त भी हैं। इतना ही नहीं, उनका नाम आधुनिक सप्तर्षियों में भी लिया गया है और वे भविष्य के व्यास भी हैं। महाभारत में अश्वत्थामा का चरित्र प्रतिशोध और प्रायश्चित की गाथा है। महाभारत के शल्य पर्व के अनुसार, द्रोणाचार्य और कृपी ने पुत्र प्राप्ति के लिए हिमालय की तलहटी (आज के उत्तराखंड) में भगवान शिव की तपस्या की थी। द्रोणाचार्य ने शिव जैसे तेजस्वी और बलशाली पुत्र की इच्छा की थी। परिणामस्वरूप दिव्य मणि के साथ अश्वत्थामा का जन्म हुआ। जन्म लेते ही घोड़े जैसी आवाज में रोने के कारण उसका नाम अश्वत्थामा रखा गया। शिव पुराण में अश्वत्थामा को भगवान शिव का अवतार माना गया है। अश्वत्थामा का चरित्र करुण, रौद्र और बीभत्स रस से भरपूर है। बचपन में जब उनकी मां कृपी ने उसे दूध की मांग पर आटे में पानी डालकर पिलाया, तब पहली बार उसकी करुण छवि दिखाई दी। महाभारत युद्ध में वह एक अपराजित योद्धा बनकर सामने आया, यह उसका रौद्र रूप था। युद्ध के अंतिम चरण में जब उसने द्रौपदी के 5 पुत्रों की हत्या की और उत्तरा के गर्भ पर ब्रह्मास्त्र चलाया, तब वह बीभत्स व अमानवीय प्रतीत हुआ, लेकिन यदि हम इसकी गहराई से पड़ताल करें तो यह सब उसके पिता द्रोणाचार्य की कपट से हुई हत्या का प्रतिशोध था। महाभारत युद्ध के दौरान पांडवों ने झूठी अफवाह फैलाई कि अश्वत्थामा मारा गया। यह सुनकर गुरु द्रोणाचार्य ने शस्त्र त्याग दिए और दृष्टद्युम्न ने उनकी हत्या कर दी। वहीं भीम द्वारा दुर्योधन को घायल करने के बाद अश्वत्थामा कौरव पक्ष का सेनापति बना। महाभारत के सौप्तिक पर्व के अनुसार, अश्वत्थामा, कृपाचार्य और कृतवर्मा रात को एक पेड़ के नीचे विश्राम कर रहे थे। वहीं एक उल्लू को उन्होंने देखा जो कौवों के बच्चों को मारकर खा गया। इससे उन्हें रात्रि में सोए हुए पांडवों के शिविर पर हमला करने का विचार आया। जब अश्वत्थामा पांडव शिविर पहुंचे तो उन्होंने देखा कि स्वयं भगवान शंकर शिविर के रक्षक हैं। शिव के रूप का वर्णन महाकाल रूप में किया गया है। यहां वर्णित शिव जी व्याघ्रचर्मधारी, अनेक नेत्र और भुजाओं वाले, जिनके तेज से अनेक विष्णु प्रकट हो रहे हैं। यह दृश्य देखकर भी अश्वत्थामा रुका नहीं और शिव से युद्ध का निश्चय किया, लेकिन उसके सभी अस्त्र-शस्त्र शिव के शरीर में समा गए। इस पराजय से व्यथित होकर उसने आत्मदाह करने का निर्णय लिया। जैसे ही उसने अग्नि उत्पन्न कर उसमें कूदने की कोशिश की, स्वयं भगवान शिव प्रकट हुए। शिव ने उसमें प्रवेश किया और बोले, अब समय आ गया है, पांडवों की रक्षा का कार्य पूरा हुआ। शिव का किसी शरीर में प्रवेश करने का यह इकलौता उल्लेखित उदाहरण है। इसके बाद अश्वत्थामा ने शिव से प्राप्त खड्ग लेकर तथा भगवान शिव के आवेश से आवेशित हो कर पांडव शिविर में प्रवेश किया और जिसको देखा उसे मार डाला। दृष्टद्युम्न की हत्या उसने मुक्के मारकर की और द्रौपदी के पांच पुत्रों को पांडव समझकर मार डाला। इस भीषण नरसंहार का वर्णन सौप्तिक पर्व में भयावह और सारगर्भित रूप से किया गया है। पांडव और श्रीकृष्ण उस रात शिविर में नहीं थे, वे पहले ही गंगा तट पर विश्राम के लिए चले गए थे। अगली सुबह जब वे लौटे, तो ब्रह्मास्त्र चलाने और उत्तरा के गर्भ पर हमला करने की घटना हुई। उसके बाद श्रीकृष्ण ने अश्वत्थामा से मणि निकाल ली और उसे 3 हजार वर्षों तक अकेले भटकने का शाप दिया। यदि तर्क के आधार पर विचार करें तो आज महाभारत को 5000 वर्ष हो गए ऐसा मानें, तो अश्वत्थामा लगभग 2000 वर्ष पूर्व ही शापमुक्त हो गया होगा। भगवान से शाप मिलने के बाद अश्वत्थामा महर्षि वेदव्यास के पास गए और उपाय पूछा। व्यास ने उन्हें रामेश्वरम् जाकर कार्तिक स्नान और शिव उपासना करने का मार्ग बताया। अश्वत्थामा ने धनुषकोटि में एक महीने तक शिव की तपस्या की और कार्तिक की अंतिम रात शिव तांडव स्तोत्र का पाठ किया और हुए भगवान शिव ने उन्हें शापमुक्त किया।

Social Media Corner

सच के हक में...

बसव जयंती के पावन अवसर पर जगद्गुरु बसवेश्वर जी को नमन। मानवजाति इस ऋषि के प्रति ऋणी है, जिन्होंने अपने अनुभव मंडपम के माध्यम से साझाकरण, समानता और भक्ति के हमारे सभ्यतागत मूल्यों पर आधारित लोकतंत्र की नींव रखी। उनकी विरासत मानवता को एक बेहतर दुनिया के लिए प्रेरित करेगी।

(गृह मंत्री अमित शाह का 'एक्स' पर पोस्ट)

बालू माफिया और झारखंड सरकार की मिलीभगत का आलम यह है कि अब सभी अवैध काम खुलेआम हो रहे हैं। अराजकता की सारी हदें पार की जा चुकी हैं। शर्म की बात तो यह है कि यह सब हेमंत सोरेन की नाक के नीचे नहीं, बल्कि उनकी सीधी देखरेख में हो रहा है। पूरे घाटशिला अनुमंडल में केवल बहरागोड़ा साइट से ही बालू उठाव के लिए वैध लीज और चालान जारी होते हैं, लेकिन इलाके में बाकी जगहों से भी सरेआम अवैध रूप से बालू लोड किया जा रहा है। स्थानीय लोग जब शिकायत करते हैं, तो प्रशासन की ओर से कोई सुनवाई नहीं होती।

(बाबूलाल मरांडी का 'एक्स' पर पोस्ट)

पहलगाम : अब भारत की पारी शुरू

पहलगाम का आतंकी हमला हताशा में किया गया ऐसा कुकृत्य है, जिस पर हमेशा की तरह सुई पाकिस्तान की तरफ घूमती है। खुद आतंकवाद का दंश झेल रहा एक देश सरकारी और तैयार आतंकियों के जरिये भारत को बार-बार गहरे जख्म देने की नापाक नीति पर चल रहा है। पाकिस्तान स्थित प्रतिबंधित लश्कर-ए-तैयबा के एक संगठन द रेजिस्टेंस फ्रंट ने पर्यटकों पर हुए इस कायरतापूर्ण हमले की जिम्मेदारी ली है। इस दुखद घटना ने वर्ष 2008 में दुस्साहसपूर्ण ढंग से मुंबई और भारत को हिलाकर रख देने वाले लश्कर-ए-तैयबा द्वारा रचे गए नरसंहार की याद दिला दी है। यह महज संयोग नहीं कि यह हमला 26/11 के आरोपित तहव्वुर राणा के भारत प्रत्यर्पण और पाक सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर के भारत विरोधी बयान के बीच हुआ है। मुनीर ने पिछले हफ्ते ही कश्मीर को अपने देश की गले की नस बताकर 22 अप्रैल के हमले की भयावहता की जमीन तैयार कर दी थी। एक ओर जहां बलूच विद्रोह ने मुनीर व सेना की नींद उड़ा रखी है, वहीं उन्होंने दो-राष्ट्र सिद्धांत को उछालना चुना। दावा किया कि हिंदुओं व मुसलमानों में कोई समानता नहीं है। गैर मुस्लिमों को निशाना बनाना और वह भी अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस की भारत यात्रा के दौरान यह स्पष्ट करता है कि आतंकवादियों व उनके आकाओं ने भाजपा नेतृत्व वाली सरकार को चुनौती दे दी है। पाकिस्तान ने पर्यटकों की मौत पर शोक व्यक्त करने का प्रपंच तो रचा, लेकिन हमले की निंदा करने से परहेज किया। उरी(2016) और पुलवामा (2019) की तरह क्या पहलगाम हत्याकांड भी ऐसी प्रतिक्रिया को जन्म देगा। मोदी सरकार, क्या पाकिस्तान को फिर से सबक सिखाने के लिये भारी दबाव में है। वैसे कूटनीतिक मोर्चे पर भारत के लिये अंतरराष्ट्रीय क्षेत्र में इस्लामाबाद को बेनकाब और शर्मिंदा करने का एक बड़ा अवसर है। पहलगाम जांच के नतीजों और राणा से पूछताछ से भारत के इस रुख की पुष्टि होने की उम्मीद है कि पाकिस्तान आज भी आतंकवाद का केंद्र बना हुआ है। बहरहाल, पहलगाम के बैसरन में पाक पोषित आतंकियों ने जो खूनी खेल खेला, उसने पूरे देश को झकझोरा है। सैर-सपाटे के लिए गए लोगों को मौत मिलेगी, ऐसी किसी ने कल्पना भी नहीं की होगी। लेकिन, एक हकीकत है कि देश-विदेश के 26 पर्यटक आतंकियों की गोली के शिकार हुए। हमले ने शेष देश के साथ कश्मीर की आत्मा को भी झकझोरा है। यह त्रासदी सिर्फ जम्मू-कश्मीर की ही नहीं है बल्कि इस हमले ने पूरे देश को गहरा जख्म दिया है। उल्लेखनीय तथ्य यह है कि इस पीड़ादायक हादसे के बाद घाटी के लोगों ने एकजुट होकर हमले की निंदा की है। घाटी में 35 साल बाद पहली बार आतंकी हमले के खिलाफ बंद का आयोजन किया गया है। बुधवार को बंद के आह्वान के बाद श्रीनगर में अधिकांश व्यापारिक प्रतिष्ठान बंद रहे। लोग सड़कों पर दुख और आक्रोश व्यक्त करते नजर आए। कहा कि यह घटना कश्मीर की अतिथि और शांति की भावना के साथ विश्वासघात है। लश्करे-ए-तैयबा से जुड़े आतंकी संगठन के इस हमले का मकसद पर्यटकों में खौफ पैदा करना और घाटी में सामान्य स्थिति की वापसी को रोकना था। यहां उल्लेखनीय है कि बीते साल जम्मू-कश्मीर में पैंतीस लाख से अधिक पर्यटक पहुंचे थे। पहलगाम जैसी जगह में जहां सत्तर फीसदी लोगों की आजीविका पर्यटन से जुड़ी है, वहां स्थिति सामान्य होने में अब लंबा वक्त लगेगा। आने वाले दिनों के लिये पर्यटकों ने अपनी यात्राएं रद्द कर दी हैं। बहरहाल, इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना के बाद केंद्र सरकार ने युद्धस्तर पर कार्रवाई की है। प्रधानमंत्री मोदी अपनी विदेश यात्रा को बीच में ही रोककर भारत लौटे हैं। गृहमंत्री अमित शाह ने भी घाटी पहुंचकर तत्काल जमीनी स्थितियों का आकलन होने तक पूरी सरकारी मशीनरी की ताकत झोंक दी है। तात्कालिक प्रतिक्रिया के तौर पर इस संवेदनशील क्षेत्र की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। वहीं, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि हमलावरों को यथाशीघ्र कड़ा जवाब दिया जाएगा।

पर्याप्त कड़ाई नहीं

